10- MAR- COR- MAIN- Pg- 1 FULL PAGE_Layout 1 3/10/2025 8:32 PM Page 1


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, मंगलवार 11 मार्च 2025




10- MAR- COR- MAIN- Pg- 2 D-VIDESH_Layout 1 3/10/2025 9:21 PM Page 1




हैदराबाद में लोग एक दूसरे को गुलाल लगाते हुए।


वाराणसी में जुलूस में हिस्सा लेते हुए श्रद्धालु।

# देशभर में बना होली का माहौल

*वाराणसी। वाराणसी में सोमवार को हरिश्चंद्र घाट पर जलती चिता के पास श्रद्धालु मसान होली मनाते हुए। देशभर में होली का जश्न शुरू हो चुका है। रंगभरी एकादशी के मौके पर देशभर में लोगों ने जश्न मनाया। बता दें, होलिका दहन जबकि रंगपंचमी 14 मार्च को है।*

## मसान होली...रंगभरी एकादशी की धूम...




वाराणसी में हरिश्चंद्र घाट पर जुलूस में हिस्सा लेते हुए श्रद्धालु।


वाराणसी के हरिश्चंद्र घाट पर भक्त।

## खबर संक्षेप

### अमेरिका में प्लेन क्रैश बाल-बाल बचे यात्री



**नई दिल्ली।** रविवार को पेंसिल्वेनिया के एक उपनगरीय इलाके में एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। मैनहेप टाउनशिप में लैंकेस्टर हवाई अड्डे के पास दोपहर करीब 3 बजे ये दुर्घटना घटी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि विमान में पांच लोग सवार थे और सभी लोगों की जान बच गई।

### पाकिस्तान में 2 पुलिस अधिकारियों की हत्या

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सोमवार को अज्ञात बंदूकधारियों ने दो पुलिस अधिकारियों की गोली मारकर हत्या कर दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह घटना प्रांतीय राजधानी पेशावर से करीब 65 किलोमीटर दक्षिण पश्चिम स्थित कोहाट जिले के टांडा बांध के पास हुई। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवाद निरोधक विभाग के उप-निरीक्षक एक सिपाही के साथ यात्रा कर रहे थे तभी अज्ञात बंदूकधारियों ने टांडा बांध क्षेत्र में उन पर हमला कर दिया।

### रिकॉर्ड से हटाया गया केंद्रीय शिक्षा मंत्री का बयान

# भाषा विवाद पर संसद में बवाल, प्रधान के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

बजट सत्र के दूसरे चरण की शुरुआत के साथ ही सोमवार को लोकसभा में तीन भाषा नीति और नई शिक्षा नीति पर जोरदार हंगामा हुआ। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नई शिक्षा नीति के तहत तीन-भाषा नीति को लेकर चल रहे विवाद पर तमिलनाडु में सत्ताधारी पार्टी डीएमके की कड़ी आलोचना की। लोकसभा में अपने संबोधन के दौरान उन्होंने कहा कि डीएमके तमिलनाडु के छात्रों के भविष्य की कीमत पर राजनीति कर रही है। प्रधान ने राज्य सरकार पर हिंदी और संस्कृत के खिलाफ पूर्वाग्रह रखने और भाषाई भेदभाव को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। प्रधान ने संसद में कहा कि डीएमके सरकार राज्य में बहुभाषावाद के खिलाफ माहौल बना रही है। केंद्र द्वारा लागू तीन भाषा सूत्र को तमिलनाडु सरकार राजनीतिक कारणों से लागू नहीं कर रही है। प्रधान ने कहा कि हिंदी और संस्कृत को लेकर गलत धारणा फैलाई जा रही है और छात्रों को उनके अध्ययन के विकल्पों से वंचित किया जा रहा है।

### भाजपा ने लगाया डीएमके पर भाषाई भेदभाव को बढ़ावा देने का आरोप



#### विवाद की वजह

शिक्षा मंत्री ने कहा कि डीएमके का काम भाषा विवाद पैदा करना है। इस मुद्दे पर पार्टी राजनीति कर रही है। धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि डीएमके एक अलोकतांत्रिक और असभ्य पार्टी है। इसके जवाब में डीएमके सांसद कनिमोझी ने 'असभ्य' कहने पर प्रधान की आलोचना की और कहा कि हमें कभी भी केंद्र की शर्तों के साथ नई शिक्षा नीति और तीन भाषा नीति स्वीकार नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने राज्य के दो हजार करोड़ रुपये रोक रखे हैं ताकि हम पर नीति लागू करने का दबाव बनाया जा सके। कनिमोझी ने कहा कि राज्य के सीएम स्टालिन अपनी आपत्तियों से शिक्षा मंत्री और प्रधानमंत्री दोनों को अवगत करा चुके हैं।

#### डीएमके के नेताओं ने संसद में किया हंगामा

डीएमके सांसद कनिमोझी ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ संसद में तीन भाषा के मुद्दे पर की गई टिप्पणी को लेकर संसदीय विशेषाधिकार हनन का नोटिस पेश किया। इस आरोप के बाद डीएमके के नेताओं ने संसद में हंगामा किया। डीएमके नेताओं ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि तमिलनाडु की नीति तमिल प्रथम की पहले से ही रही है और राज्य सरकार जबरन हिंदी थोपने के खिलाफ खड़ी है। डीएमके में आरोप लगाया कि राज्य पर केंद्र जबरदस्ती हिंदी थोप रही है।

#### अहंकारी हैं प्रधान संभालें अपनी जुबान



***चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने सोमवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पर कड़ा प्रहार करते हुए आरोप लगाया कि वह खुद को राजा समझकर 'अहंकार' में बात करते हैं। उन्होंने प्रधान से अपनी जुबान पर नियंत्रण रखने को भी कहा। स्टालिन ने स्पष्ट रूप से कहा कि तमिलनाडु सरकार केंद्र की 'पीएम श्री' योजना को लागू करने के लिए आगे नहीं आई है और जब ऐसा है तो कोई भी उन्हें इसके लिए राजी नहीं कर सकता।*

### केंद्र ने संसद में पेश की सीपीसीबी की नई रिपोर्ट

# 'महाकुंभ के दौरान नहाने लायक था गंगा का पानी'





एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने हाल में संपन्न महाकुंभ के दौरान प्रयागराज में त्रिवेणी संगम पर गंगा के पानी को स्नान के लिए उपयुक्त बताया है। सोमवार को लोकसभा में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की नई रिपोर्ट का हवाला देते हुए यह बताया गया। सरकार ने यह भी कहा कि उसने 2022-23, 2023-24 और 2024-25 (9 मार्च तक) में गंगा की सफाई के लिए राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन को कुल 7,421 करोड़ रुपये मुहैया कराए। समाजवादी पार्टी के सांसद आनंद भदौरिया और कांग्रेस सांसद के. सुधाकरन के प्रश्न पर लिखित जवाब दिया गया। इसमें केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि सीपीसीबी की रिपोर्ट के अनुसार निगरानी वाले सभी स्थानों पर पीएच, घुलित ऑक्सीजन (डीओ) जैव रासायनिक ऑक्सीजन मांग (बीओडी) और फीकल कॉलीफॉर्म (एफसी) के औसत मान स्नान के लिए स्वीकार्य सीमा के भीतर थे।

#### एनजीटी की रिपोर्ट में उठाए गए थे सवाल

3 फरवरी को एनजीटी में सौंपी अपनी रिपोर्ट में बोर्ड ने कहा था कि महाकुंभ के दौरान संगम का पानी नहाने योग्य नहीं है। टीम ने पाया था कि फेकल कोलीफोर्म 230 एमपीएन/100 मिलीग्राम के लिए निर्धारित मानदंडों के अनुसार गैर-अनुपालन मिले। इसके बाद जब 28 फरवरी को एनजीटी को सौंपी गई नई रिपोर्ट में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने कहा था कि सांख्यिकीय विश्लेषण से पता चला है कि महाकुंभ के दौरान पानी की गुणवत्ता स्नान के लिए लायक थी। रिपोर्ट में कहा गया कि अलग तारीखों पर एक ही जगह और एक दिन में अलग-अलग स्थानों से एकत्र किए गए नमूनों के आंकड़ों में भिन्नता थी।



बिलासपुर, मंगलवार 11 मार्च 2025

haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



- केन्द्रीय गृहमंत्री के ऐलान के बाद फोर्स आक्रामक मोड पर
- माड़ व नेशनल पार्क एरिया में फोर्स का फोकस, इंटर स्टेट बार्डर एरिया में फोर्स चला रही आपरेशन



# 4000 वर्ग किमी में सिमट चुके नक्सलवाद पर अंतिम प्रहार के लिए खुलेंगे 40 नए पुलिस कैंप

**राजेश दास ▸▸ जगदलपुर**

हरिभूमि खास

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के मार्च 2026 तक छग से नक्सलवाद के सफाए के ऐलान के बाद बस्तर में फोर्स आक्रामक मोड पर है। 4000 वर्ग किमी एरिया में सिमट चुके नक्सलियों से निपटने अब 40 नए पुलिस कैंप खोले जाएंगे। जवानों द्वारा लगातार नक्सलियों के आधार इलाकों में घुसकर आपरेशन चलाया जा रहा है। यही वजह है कि वर्ष 2024 से अब तक करोड़ों रूपए के ईनामी 230 से अधिक वर्दीधारी नक्सलियों को फोर्स ने मुठभेड़ में मार गिराया है। वर्तमान में लगभग 4 हजार ▸▸ शेष पेज 4 पर

**एक साल में करोड़ों के ईनामी 230 से अधिक नक्सलियों को फोर्स ने मार गिराया**



## दर्जन भर टॉप मोस्ट नक्सली समेत 400 टॉर्गेट में

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के 2026 तक नक्सलवाद के खात्में के डेडलाईन के बाद फोर्स लगातार नक्स्लियों के आधार इलाकों में आपरेशन चला रही है। जल्द ही सेण्ट्रल कमेटी के दर्जन भर नक्सलियों के अलावा डीव्हीसीएम, एसीएम समेत लगभग 4 सौ नक्सलियों को टॉरगेट किया ▸▸ शेष पेज 4 पर

## प्रशासन व सुरक्षाबल की पहुंच बढ़ी



नक्सलियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई व आपरेशन के चलते प्रशासन व सुरक्षबलों की पहुंच नक्सलियों के आधार इलाकों में बढ़ी है। इन इलाकों में नक्सलियों को खदेड़ने के साथ ही विकास कार्य व मूलभूत सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। जल्द ही पूरे इलाके को नक्सलमुक्त कर लिया जाएगा जिसके लिए हम प्रयासरत है।

- **सुंदरराज पी,** आईजी, बस्तर

## 60 हजार जवान तैनात

नक्सल प्रभावित क्षेत्र मानचित्र से कम होने के कई कारण हैं जिसमें नए पुलिस कैम्पों का खुलना और नक्सलियों के खिलाफ कोर एरिया में आपरेशन भी शामिल है। इन नक्सल प्रभावित इलाकों में स्टेट के डीआरजी, बस्तर फाईटर व ▸▸ शेष पेज 4 पर

## देश के 90 जिले नक्सल प्रभावित

प्रदेश के मानचित्र से माओ प्रभावित जिले लगातार कम हो रहे हैं। फोर्स की प्रभावी कार्रवाई से प्रदेश ही नहीं वरन देश से भी नक्सल प्रभावित 90 जिले की सख्या में लगातार कमी देखी जा रही हैं। छग की बात करें तो पूर्व में नक्सल प्रभावित 18 जिले थे जो कम होकर वर्तमान में 16 जिले बचे हैं।

नोट गिनने की मशीन लेकर पहुंची ईडी, भूपेश बोले– 33 लाख ले गए, किसी भी तरह के दस्तावेज नहीं मिले

# शराब घोटाले की जांच भूपेश आवास तक पहुंची, 14 ठिकानों पर छापे, कांग्रेस का हंगामा

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई**

शराब घोटाले की जांच आखिरकार पूर्व सीएम भूपेश बघेल के निवास तक पहुंच गई। ईडी की टीम ने सोमवार की सुबह उनके भिलाई-3 स्थित आवास समेत 14 ठिकानों पर धावा बोल दिया। घंटों पड़ताल चलती रही और बाहर कांग्रेसियों का हंगामा भी जारी रहा। इस दौरान ईडी के अधिकारियों ने भीतर नोट गिनने की मशीन भी मंगवा ली, जिससे कांग्रेसियों का गुस्सा फूट पड़ा। शाम तक चली जांच के बाद अधिकारी सूटकेस लेकर निकल गए। पूर्व सीएम के आवास के आसपास सुबह से तनाव के हालात रहे। सुरक्षा के लिहाज से चार केंद्रीय कंपनियों सहित जिला पुलिस बल भी तैनात रखा गया है। जांच के बाद भूपेश बघेल ने कहा, ईडी के लोग यहां से 33 लाख नगद ले गए हैं, उनको किसी तरह के दस्तावेज नहीं मिले हैं।

सोशल मीडिया एक्स पर भूपेश बघेल ने ईडी की कार्रवाई की पुष्टि करते हुए आरोप भी लगाया है। ईडी की यह कार्रवाई शराब घोटाले से जोड़कर देखी जा रही है। हालांकि कार्रवाई के दौरान कई तरह की चर्चा राजनीतिक हलकों में होती रही। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की अलग-अलग टीम सोमवार की सुबह 5 बजे भिलाई-3 पदुमनगर स्थित पूर्व मुख्यमंत्री और ▸▸ शेष पेज 4 पर





जांच के लिए पहुंचे ईडी के डिप्टी डायरेक्टर संदीप आहूजा की कार पर भीड़ ने हमला किया। पथराव में वे बाल-बाल बचे।

## शराब घोटाले से जुड़ी है दबिश

ईडी शराब घोटाला, महादेव सट्टा, कोल स्कैम सहित कई मामलों की जांच कर रही है। सोमवार की कार्रवाई शराब घोटाले से जुड़ी है। ईडी ने यही बयान दिया है। प्रदेश में 2161 करोड़ के शराब घोटाले में कांग्रेस सरकार के तत्कालीन आबकारी मंत्री कवासी लखमा की गिरफ्तारी के बाद ईडी ने जांच तेज कर दी थी। उसी के परिणाम स्वरूप सोमवार की दबिश ▸▸ शेष पेज 4 पर

## छापे पर सियासी गर्मी

### साय बोले- पिछली सरकार में हुए हैं घोटाले



सीएम विष्णुदेव साय ने भी पूर्व सीएम भूपेश बघेल के घर ईडी छापे को लेकर कहा, 5 साल की सरकार में तरह-तरह के घोटाले हुए। उसकी जांच सेंट्रल एजेंसियां कर रही हैं। ईडी सेंट्रल एजेंसी है, उससे हमारा कोई लेना-देना नहीं है।

### लंबे समय से चल रही जांच : साव



डिप्टी सीएम अरूण साव ने कहा- इस बात से कोई कैसे इंकार कर सकता है कि भूपेश बघेल के कार्यकाल में बड़े घोटाले हुए हैं? ईडी की कार्रवाई लंबे समय से चल रही है।

### द्वेषपूर्ण राजनीति लोकतंत्र के लिए खतरा



इधर, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने एक्स पर ट्वीट कर लिखा, पूर्व मुख्यमंत्री एआईसीसी राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल के घर पर ईडी की कार्रवाई सत्तारूढ़ भाजपा के राष्ट्रीय चरित्र की द्वेषपूर्ण राजनीति का एक और उदाहरण है।

### जांच एजेंसियों के सहारे भाजपा: बैज



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा की राजनीति अब जांच एजेंसियों के सहारे चल रही है। 7 साल पुराने झूठे केस को कोर्ट ने खारिज कर दिया, तो अब दुर्भावना से ईडी को मोहरा बना दिया गया।

## भूपेश बोले- 33 लाख का हिसाब दिया जाएगा



पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ईडी की टीम के रायपुर रवाना होने के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि ईडी को मेरे पास से जो दस्तावेज मिले हैं उसे देखकर ईडी के लोग घबरा गए हैं। मेरे पास ईडी ने मंतूराम पवार से जुड़ी पेन ड्राइव और फाइल देखी है। ईडी के लोग 33 लाख रुपए नगद लेकर गए हैं। घर में रखे सोने, चांदी को देखने के बाद लेकर नहीं गए। श्री बघेल ने बताया कि अलग-अलग नामों से लगभग 140 एकड़ खेती की जमीन है। बड़ा किसान हूं। ईडी द्वारा बरामद की गई राशि बड़ी नहीं है, समय आने पर हिसाब भी दिया जाएगा। श्री बघेल ने कांग्रेस के विधायकों, वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं के प्रति समर्थन के लिए आभार जताया है।

### ईडी की टीम शाम को ही रवाना

प्रवर्तन निदेशालय की टीम पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पद्मनगर भिलाई-3 निवास से शाम 6:15 बजे करीब लगभग 33 लाख रुपए बरामद कर कुछ दस्तावेज जब्त कर रायपुर के लिए रवाना हो गई। टीम के जाने के बाद भूपेश बघेल ने अपने बंगले के बाहर एकत्रित हुए सैकड़ों कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर आभार जताया। कार्यकर्ताओं ने भूपेश बघेल के पक्ष में जमकर नारेबाजी की।

## सदन में ईडी के छापे, जमकर हंगामा के बाद 14 कांग्रेस विधायक सस्पेंड

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर**

ईडी के छापे को लेकर राज्य में सियासी पारा गर्म है। विधानसभा में ही कांग्रेस विधायकों ने जमकर हंगामा किया, जिस वजह से उनको निलंबित कर दिया गया। कांग्रेस ने तीखे आरोप लगाए, जिस पर सत्तापक्ष ने जमकर पलटवार किया।

विधानसभा के बजट सत्र के 10वें दिन पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घर ईडी के छापे की भेंट चढ़ गया। कांग्रेस विधायकों ने सदन में हंगामा करते हुए गर्भगृह में नारेबाजी की। नारेबाजी के बीच प्रश्नकाल बाधित रहा। विधानसभा अध्यक्ष ने कांग्रेस के 14 सदस्यों को इस बीच निलंबित कर दिया। सदन की कार्रवाई 10 मिनट के लिए स्थगित कर ▸▸ शेष पेज 4 पर

### ईडी की कार्रवाई विधानसभा का विषय नहीं : अजय

भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने इस दौरान कहा, ईडी की कार्रवाई कहीं पर भी हो रही हो, यह विधानसभा का विषय नहीं है। यह राजनीति करने का मंच नहीं है। तब कांग्रेस सदस्यों ने सदन में नारेबाजी शुरू कर दी। भाजपा विधायकों ने भी नारेबाजी कर जवाब दिया।

### कांग्रेस सदस्य गर्भगृह पहुंचे

कांग्रेस सदस्य नारेबाजी करते हुए गर्भगृह में पहुंच गए। अध्यक्ष ने इस बीच प्रश्न के लिए कांग्रेस सदस्यों का नाम पुकारा। उनके न आने पर 4 नंबर का प्रश्न भाजपा विधायक राजेश मूणत ने किया। नारेबाजी के बीच प्रश्नकाल इस सवाल के जवाब आने तक चला। उसके बाद अध्यक्ष ने कांग्रेस के 14 सदस्यों के निलंबन की कार्रवाई करते हुए सदन से बाहर जाने कहते हुए सदन की कार्रवाई 10 मिनट के लिए स्थगित कर दी।

### नेताम-ओपी पहुंचे मनाने, कांग्रेसी नहीं माने

सदन में हुई निलंबन कार्रवाई के बाद नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने तुरंत कांग्रेस विधायक दल की बैठक बुलाई। नेता प्रतिपक्ष के कक्ष में हुई बैठक में सभी कांग्रेस विधायक मौजूद थे। इस बीच मंत्री रामविचार नेताम और वित्त मंत्री ओपी चौधरी विपक्षी विधायकों को मनाने पहुंचे। उन्होंने कहा, अध्यक्ष ने निलंबन समाप्त कर दिया है। आप सदन की कार्रवाई में भाग लें। कांग्रेस विधायकों ने वापस जाने से मना कर दिया और सदन की कार्यवाही का बहिष्कार कर दिया। आपात बैठक के बाद कांग्रेस के विधायक विधानसभा की कार्यवाही छोड़कर भिलाई पहुंचे।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### एम्स में भर्ती उपराष्ट्रपति के स्वास्थ्य में सुधार

**नई दिल्ली।** दिल्ली एम्स में भर्ती उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की स्वास्थ्य स्थिति में सुधार हो रहा है। यह संतोषजनक है।धनखड़ को बेचैनी और सीने में दर्द की शिकायत के बाद रविवार देर रात करीब दो बजे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उपराष्ट्रपति (73) को एम्स के कार्डियोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. राजीव नारंग की देखरेख में 'क्रिटिकल केयर यूनिट' (सीसीयू) में भर्ती कराया गया।



### न्यायमूर्ति बागची बने सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस

**नई दिल्ली।** कलकत्ता हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची को सुप्रीम कोर्ट का न्यायाधीश नियुक्त किया गया। शीर्ष न्यायालय के कॉलेजियम ने छह मार्च को उनके नाम की सिफारिश की थी। उनकी नियुक्ति की घोषणा विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने 'एक्स' पर की। न्यायमूर्ति बागची का शीर्ष अदालत में कार्यकाल छह वर्ष से अधिक का होगा।



छत्तीसगढ़ झारखंड में शोक का माहौल

# पटाखा दुकान में आग, जहरीले धुएं से दम घुटा, पांच की मौत

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ रामानुजगंज**

छत्तीसगढ़ और झारखण्ड की सीमा पर ग्राम गोदारमाना में सोमवार की भीषण हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। नगर सीमा से लगे गोदरमाना स्थित पटाखा दुकान में आग लगने के बाद तीन बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई। दुकान संचालक समेत अन्य लोग बचने के लिए बगल में मौजूद गोदाम में जाकर छिप गए थे लेकिन इस दौरान जहरीला धुंआ के कारण सभी का दम घुट गया। तीन बच्चों समेत पांच लोगों को उपचार के लिए तत्काल रामानुजगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ▸▸ शेष पेज 4 पर



*बचने के लिए छिप गए थे बगल के गोदाम में, मरने वालों में संचालक के साथ एक बच्ची भी शामिल*





### इनकी हुई मौत

इस हादसे में आयुष कुमार केसरी (8), पीयूष केसरी (7), सुशीला केरकेट्टा (14) एवं 45 वर्षीय अजीत केसरी और दुकान संचालक 46 वर्षीय कुश कुमार गुप्ता की मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

हाईकोर्ट में ऊर्जा विभाग का हलफनामा

# भ्रष्टाचार के लिए बनाई विस की जांच समिति

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ बिलासपुर**

- मामले की अगली सुनवाई 5 मई को होगी

ऊर्जा विभाग में हुए कथित भ्रष्टाचार एवं अनियमितता मामले में सोमवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट में ऊर्जा विभाग के चेयरमैन और सचिव ने शपथ पत्र पेश किया, जिसमें विधानसभा की जांच समिति बनाए जाने की बात कही गई है। इस मामले की अगली सुनवाई 5 मई 2025 को नियत की गई है। बस्तर संभाग के जिलों में सोलर लाईट और अन्य उपकरणों को लेकर हुए ▸▸ शेष पेज 4 पर

### बस्तर संभाग में भ्रष्टाचार का मामला

दरअसल बस्तर संभाग के जिलों में हुई वित्तीय अनियमितता और भ्रष्टाचार के मामले के बीच कोंडागांव जिले में भी सोलर स्ट्रीट लाईट की खरीदी के संबंध में गंभीर शिकायतें उजागर हुईं। यह मुद्दा मीडिया ▸▸ शेष पेज 4 पर

# तीन बार डाउन हुआ एक्स मस्क बोले- साइबर अटैक

- कई यूजर्स ने दर्ज की शिकायत

**नई दिल्ली।** दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलॉन मस्क माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म 'एक्स' दुनियाभर में फिर से डाउन हो गया है। सोमवार को यह तीसरी बार है कि एक्स ठप पड़ा हो, जिस वजह से यूजर्स लॉग-इन करने में असमर्थ रहे। डाउन डिटेक्टर वेबसाइट पर कई यूजर्स ने शिकायत दर्ज की है। डाउन डिटेक्टर वेबसाइट के अनुसार, पहली बार दिक्कत शाम 3:30 बजे आई। फिर शाम 7 बजे लोगों को लॉग-इन करने में भी समस्याएं आने लगी। तीसरी बार शाम को 8:44 बजे फिर से एक्स डाउन हो गया। अलग-अलग स्थानों पर लोग ऐप और साइट पर दिक्कत का सामना करना लगे।

### यूजर्स लगातार कर रहे रिपोर्ट

वर्तमान में, एक्स ने इस मुद्दे को स्वीकार नहीं किया है। यूजर्स लगातार समस्याओं की रिपोर्ट कर रहे हैं। इस समस्या ने यूजर्स को खासा निराश किया और वे महसूस कर रहे हैं कि कंपनी की ओर से जवाबदेही की कमी है। इस तकनीकी बाधा के पीछे के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है, लेकिन यूजर्स जल्द से जल्द समाधान की अपेक्षा कर रहे हैं।

### बहुत बड़ा साइबर हमला

एलॉन मस्क ने एक्स के डाउन पर प्रतिक्रिया देते हुए एक्स पर पोस्ट किया है। मस्क ने लिखा कि हमारे खिलाफ बहुत बड़ा साइबर हमला हुआ था। (अभी भी रो रहा है) हमारे पर बहुत सारे संसाधनों के साथ साइबर अटैक किया गया था। इस हमले में कोई बड़ा समूह या देश शामिल है।

सभापति चुनाव, उद्योग मंत्री देवांगन को भी नोटिस

# भाजपा ने दे दिया अपने ही मंत्री को नोटिस

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोरबा**

खास खबर

नगर पालिक निगम कोरबा के सभापति चुनाव में पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ बगावत कर चुनाव लड़ने एवं जीत हासिल करने वाले भाजपा पार्षद नूतन सिंह ठाकुर के पक्ष में मीडिया में बयान देने के मामले को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन को नोटिस जारी कर 48 घंटे के भीतर अपना पक्ष रखने को कहा है।

प्रदेश महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी जगदीश रामू रोहरा द्वारा जारी किए गए इस नोटिस में श्री देवांगन के बयान को अनुशासन भंग करने की परिधि में मानते हुए नोटिस जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि 8 मार्च को नगर पालिक निगम कोरबा के ▸▸ शेष पेज 4 पर

- सभापति चुनाव के बाद उद्योग मंत्री के मीडिया में दिए गए बयान को आधार बनाकर जारी की गई है नोटिस



### 48 घंटे में मांगा जवा

इस मामले को लेकर सोमवार को भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी जगदीश रामू रोहरा ने श्री देवांगन को नोटिस जारी कर मीडिया मे दिए गए उनके उपरोक्त बयान को अनुशासनहीनता की परिधि में मानते हुए 48 घंटे के भीतर अपना पक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

### तय समय में रखूंगा पक्ष

इस संबंध में उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन का कहना है कि उन्हें पार्टी का नोटिस मिला है। नोटिस में उनसे यह कहा गया है कि नगर पालिक निगम कोरबा में सभापति निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न होने के बाद आपके द्वारा मीडिया में जो बयान दिया गया है कि वह अनुशासन भंग करने की परिधि में आता है। मुझे 48 घंटे का समय अपना पक्ष रखने के लिए पार्टी ने दिया है। मैं तय समय में पार्टी के समक्ष अपना पक्ष रखूंगा।



हमर-प्रदेश

बिलासपुर, मंगलवार 11 मार्च 2025 haribhoomi.com

हरिभूमि

डीएमएफ फंड घोटाला

## सौम्या, रानू, सूर्यकांत समेत दो अन्य जेल दाखिल



रायपुर। डीएमएफ घोटाला मामले में राज्य प्रशासनिक सेवा की निलंबित अफसर सौम्या चौरसिया, सूर्यकांत तिवारी, निलंबित आईएएस रानू साहू, एनजीओ संचालक मनोज द्विवेदी तथा आदिवासी विकास परिषद की तत्कालीन डिप्टी डायरेक्टर की सोमवार को पुलिस रिमांड समाप्त होने पर ईओडब्ल्यू ने कोर्ट में पेश किया। ईओडब्ल्यू, एसीबी कोर्ट के जज छुट्टी पर होने की वजह से पांचों को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अतुल श्रीवास्तव की कोर्ट में पेश किया गया, जहां कोर्ट ने पांचों को एक दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने का फैसला सुनाया।

डीएमएफ फंड घोटाला मामले में सौम्या, सूर्यकांत को आरोपी बनाए जाने के बाद ईओडब्ल्यू ने सौम्या, सूर्यकांत, रानू, मनोज, माया से नए सिरे से पूछताछ करने कोर्ट में रिमांड मांगी थी। सूत्रों के मुताबिक, जांच एजेंसी ने डीएमएफ फंड घोटाला से जुड़े नेटवर्क के बारे में पांचों आरोपियों से पूछताछ की है। साथ ही डीएमएफ से प्राप्त गड़बड़ी की राशि किन लोगों में बांटी गई। इस संबंध में जांच एजेंसी ने पांचों से विस्तार से पूछताछ की है। रजनीकांत तिवारी की डायरी में डीएमएफ का काम दिलाने सूर्यकांत तथा सौम्या की भूमिका का उल्लेख होने पर ईओडब्ल्यू ने दोनों को आरोपी बनाया है।

### जांच एजेंसी मांगेगी रिमांड पर

न्यायाधीश अतुल श्रीवास्तव के कोर्ट में पांचों आरोपियों को पेश किया गया, तब ईओडब्ल्यू ने पांचों की दो दिन की पुलिस रिमांड देने की मांग की। मामले की सुनवाई नियमित कोर्ट में नहीं होने की वजह से अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश की कोर्ट ने पांचों आरोपियों को एक दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने का फैसला सुनाया। पांचों को मंगलवार को नियमित कोर्ट में पेश किया जाएगा, तब ईओडब्ल्यू के वकील पांचों आरोपियों से पूछताछ करने दो दिन की रिमांड और मांग सकते हैं।

भारत माला परियोजना घोटाला

## सहमति बगैर भूमि अधिग्रहण, बना दी सड़क अब मुआवजे के लिए भटक रहा किसान



रायपुर। भारत माला परियोजना घोटाले में एक और नया खुलासा हुआ है। इस परियोजना में एक ओर जहां कई किसानों की एक खसरा नंबर की भूमि को कई टुकड़ों में विभाजित कर किसानों के नाम पर चढ़ाकर उन्हें करोड़ों रुपए का भुगतान कर दिया गया है, वहीं दूसरी ओर कुछेक ऐसे भी किसान हैं, जिनकी जमीन बगैर उनकी सहमति के अधिग्रहित कर ली गई है। यह मामला ग्राम टोकरो का है। किसान की यह जमीन भारत सरकार के राजपत्र सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा अधिसूचना जारी होने के पहले से उसके नाम पर दर्ज है। हरिभूमि से बातचीत करते हुए किसान ने कहा कि वह मुआवजे की पात्रता रखता है, क्योंकि उसकी जमीन भी इस प्रोजेक्ट में शामिल कर वहां सड़क बना दी गई है, जबकि अधिग्रहण एवं मुआवजा राशि की सूची में उसका नाम ही नहीं है। मुआवजा राशि के लिए अब वह लगातार तहसील कार्यालय का चक्कर लगा रहा है। उसका यह भी कहना है कि इस प्रोजेक्ट में हुए घोटाले का खुलासा होने के बाद उम्मीद की नई किरण जागी है। अगर इसके बाद भी उसे मुआवजा नहीं मिला तो वह हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाने से भी पीछे नहीं हटेगा।

### नक्शे में नहीं थी शामिल, सड़क बनी तो 54 वर्गफुट जमीन अधिग्रहित कर ली

किसान ओमप्रकाश साहू ने बताया कि भारत माला परियोजना के नक्शे में उसकी जमीन नहीं थी, लेकिन जब सड़क बनाने का काम शुरू हुआ तो उसकी जमीन के 54 वर्गफुट भाग को अधिग्रहित कर लिया गया। इसकी उसकी जानकारी तक नहीं दी गई। किसान ने बताया कि इसकी जानकारी होने पर तहसील कार्यालय में अधिग्रहित की गई जमीन के बदले मुआवजे की मांग को लेकर आवेदन किया था।

शूटआउट केस

## गैंगस्टर अमन को प्रोटेक्शन वारंट पर ले गई झारखंड पुलिस



फाइल फोटो

रायपुर। गैंगस्टर अमन साहू को झारखंड पुलिस सोमवार को गिरफ्तार कर अपने साथ प्रोटेक्शन वारंट में झारखंड लेकर रवाना हो गई। अमन के खिलाफ रांची के कोल कारोबारी पर फायरिंग करने का आरोप है। अपने यहां के केस के सिलसिले में पूछताछ करने झारखंड पुलिस, अमन को प्रोटेक्शन वारंट पर लेकर गई। सड़क निर्माण तथा कंस्ट्रक्शन कारोबार से जुड़े तेलीबांधा स्थित पीआरए ग्रुप के ऑफिस के बाहर छह माह पूर्व विगत 13 जुलाई को फायरिंग करने के आरोप में रायपुर पुलिस ने अमन साहू को गिरफ्तार किया था। पूछताछ करने पुलिस ने 12 अक्टूबर को प्रोटेक्शन वारंट पर झारखंड गिरिडीह जेल से गिरफ्तार रायपुर लाई थी। तब से अमन रायपुर सेंट्रल जेल में न्यायिक रिमांड पर जेल में बंद है। पुलिस ने तेलीबांधा शूटआउट मामले में अब तक अमन सहित एक दर्जन से ज्यादा अंतर्राज्यीय बदमाशों को गिरफ्तार किया है। अमन पर आरोप है कि वह गैंगस्टर लारेंस विश्नोई के लिए भी काम करता है। अमन के गैंग ने रायपुर के कारोबारी ग्रुप से फिरौती की मांग की थी। फिरौती नहीं देने पर अमन के गुर्गों ने शूटआउट की घटना को अंजाम दिया था।

### कारोबारी पर फायरिंग मामले में ले गई झारखंड पुलिस

रांची में चार दिन पूर्व शुक्रवार को फिरौती नहीं देने पर कोल ट्रांसपोर्ट कारोबारी बिपिन शर्मा की कार पर बाइक सवार तीन बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की थी। फायरिंग की घटना में गोली बिपिन के गले को छूते हुए निकल गई। एक गोली बिपिन के हाथ में लगी। घटना के तुरंत बाद अमन के गुर्गों ने घटना की जिम्मेदारी ली। रांची पुलिस उसी सिलसिले में अमन को पूछताछ करने अपने साथ प्रोटेक्शन वारंट पर झारखंड लेकर गई है।

# प्रियंका चार्टर प्लेन से पहुंची दंतेश्वरी एयरपोर्ट



शूटिंग के लिए सड़क मार्ग से ओडिशा के सिमलीगुड़ा रवाना हुई

हरिभूमि न्यूज : जगदलपुर। प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा सोमवार को दोपहर 2 बजे जेटसेट गो चार्टर प्लेन से दंतेश्वरी एयरपोर्ट पहुंची। यहां से वह सड़क मार्ग से ओड़िसा के सिमलीगुड़ा रवाना हो गई, जहां फिल्म की शूटिंग हो रही है। 4 दिन पहले अभिनेता महेश बाबू और डायरेक्टर प्रोड्यूसर राजामौली अपने टीम के साथ पहुंचकर शूटिंग स्थल में मौजूद है। प्रियंका चोपड़ा के आने की खबर थी। उनके साथ बॉडीगार्ड और पर्सनल सेक्रेटरी के पहुंचने की जानकारी मिली है। प्रियंका ने चार्टर प्लेन की एयर हास्टेज के साथ फोटो भी खिंचवाई। फिल्म की शूटिंग ओड़िसा के कोरापुट जिला मुख्यालय से लगभग 65 किमी दूर प्रसिद्ध पर्यटन स्थल और खुबसूरत वनांचल देवमाली और तोलोमाली में हो रही है। जगदलपुर से कोरापुट 105 किमी दूर है। यहां से राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित 30 किमी दूर सिमलीगुड़ा के एक होटल में प्रियंका चोपड़ा ठहरी है।

### शूटिंग स्थल को निजी सुरक्षाकर्मियों ने घेरा

शूटिंग स्थल देवमाली सिमलीगुड़ा से 35 किमी दूर है। इस तरह जगदलपुर से देवमाली की दूरी 170 किमी है। बताया गया है कि पूरे शूटिंग स्थल के बड़े क्षेत्र को निजी सुरक्षा कर्मियों ने घेर रखा है। कोरापुट जिला प्रशासन से शूटिंग की अनुमति ली गई है। जगदलपुर एयरपोर्ट काफी बड़ा है इसलिए यहां चार्टर प्लेन उतरने की सुविधा है।

### बड़ा एयरपोर्ट होने के कारण आते हैं चार्टर प्लेन

प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और केन्द्रीय मंत्री जब ओड़िशा के कार्यक्रम में पहुंचते है तो उन्हें जगदलपुर एयरपोर्ट में आना जाना पड़ता है। वैसे ओड़िशा के जयपुर में नियमित विमान सेवा है। लेकिन एयरपोर्ट छोटा होने से सेलिब्रिटी और वीवीआईपी जगदलपुर से होकर ओडिशा जाते है।

रायपुर में 65 से 70 करोड़ रुपए की शराब बिक्री होने का अनुमान

# होली पर्व पर तीन दिन के भीतर पांच सौ करोड़ की शराब गटक जाएंगे शौकीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

होली के आते ही जहां लोग अपने लिए खानपान, रंग, गुलाल की व्यवस्था करते हैं। वहीं शराब के शौकीनों को होली के अवसर पर पीने-पिलाने की विशेष चिंता होती है। शराब के शौकीन होली के दो से तीन पूर्व ही इसका प्रबंध करने में जुट जाते हैं। पियक्कड़ों को शराब की कमी न हो, इस बात को ध्यान में रखते हुए आबकारी विभाग ने एक माह पहले से तैयारी कर ली है। वर्तमान में बेवरेज कॉर्पोरेशन के गोदाम में पांच सौ करोड़ रुपए की शराब का स्टाक जमा किया गया है।

राजधानी में पिछले वर्ष होली के अवसर पर तीन दिन में 50 करोड़ 18 लाख 26 हजार 30 रुपए की शराब पियक्कड़ गटक गए थे। इस लिहाज से शराब की मांग तथा खपत को ध्यान में रखते हुए आबकारी विभाग के अफसरों को इस होली में अकेले रायपुर जिले में 65 से 70 करोड़ रुपए की शराब खपत होने का अनुमान है।



### कार्रवाई करने फ्लाइंग स्क्वाड की टीम

होली के समय शराब की अवैध बिक्री बढ़ जाती है। इस बात को ध्यान रखते हुए आबकारी विभाग ने अलग से पलाइंग स्क्वाड की टीम तैयार कर कोचियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही दूसरे राज्यों से तस्करी कर शराब न पहुंच पाए। इसलिए संदिग्ध वाहनों की जांच करने निर्देश दिए गए हैं। साथ ही दुकान से शराब खरीदकर कोई कोचिया खरीदी-बिक्री न करे, इस पर भी ध्यान रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### स्टाक मेंटेन करने अभी से दुकानों में स्टोरेज

शराब दुकानों में शराब की कमी न हो, इस बात को ध्यान में रखते हुए पिछले एक सप्ताह से शराब दुकानों में शराब की स्टाक जमा की जा रही है। इसके साथ ही नियमित दुकानों में कितना शराब बिक्री हुई, इसका स्टाक अलग से मेंटेन किया जा रहा है। शराब दुकानों में रविवार से ही पियक्कड़ों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई है।

### सामान्य दिनों से तीन गुना ज्यादा बिक्री

होली के मौके पर शराब की खपत सामान्य दिनों की अपेक्षा तीन गुना ज्यादा बढ़ जाती है। इस बात को ध्यान में रखते हुए आबकारी विभाग के अफसर सभी शराब दुकानों में शराब पर्याप्त मात्रा में रखने के निर्देश दिए हैं। राजधानी में पिछले तीन दिनों में बीयर की खपत इतनी ज्यादा थी कि लोग ठंडी की जगह गर्म बीयर तक खरीदकर ले जाते दिखे।

### 40 प्रतिशत खपत इन तीन जिलों में

शराब बिक्री के मामले में रायपुर पूरे प्रदेश में टॉप पर है। इसके साथ ही दुर्ग, बिलासपुर दूसरे तीसरे नंबर पर है। इन तीन जिलों में ही शराब का जितना स्टाक है। उसमें से 35 से 40 प्रतिशत इन तीन जिलों में हो जाती है। आदिवासी तथा छोटे जिलों में ज्यादातर देशी शराब की बिक्री ज्यादा होती है।

### देशी की अपेक्षा विदेशी मदिरा की मांग ज्यादा

आबकारी विभाग के अफसरों के अनुसार, चार सौ करोड़ रुपए के करीब प्रीमियम से लेकर हाई रेंज की विदेशी मदिरा का स्टाक है। इसके साथ ही सौ से सवा सौ करोड़ रुपए के बीच देशी शराब का स्टाक है। इस लिहाज से होली के साथ सामान्य दिनों में देशी की अपेक्षा विदेशी शराब की मांग ज्यादा है।

## राज्य बनने के बाद अब तक की सबसे बड़ी धान खरीदी किसानों को 34 हजार 348 करोड़ का भुगतान





रायपुर। खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने विधानसभा में अपने विभागों की बजट अनुदान मांगों पर चर्चा के जवाब में बताया कि राज्य में पंजीकृत किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान की खरीदी की है। इस खरीफ सीजन में 25 लाख 49 हजार 592 पंजीकृत किसानों से 149.25 लाख मीट्रिक टन धान की रिकॉर्ड खरीदी की गई है, जो राज्य बनने के बाद से अब तक की सर्वोच्च खरीदी है। धान खरीदी की एवज में इन किसानों को समर्थन मूल्य के तहत 34 हजार 348 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है।

### बजट अनुदान मांगें मंजूर

विधानसभा में सोमवार को विपक्ष के हंगामे और निलंबन के बाद विपक्षी सदस्यों की गैरमौजूदगी में मंत्री श्री बघेल ने अपनी बात रखी। चर्चा के बाद आज खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री बघेल के विभागों से संबंधित 9,362 करोड़ रुपए की अनुदान मांगें ध्वनिमत से पारित कर दी गईं। चर्चा में सत्तापक्ष के विधायक अजय चंद्राकर, पुन्नूलाल मोहले, भावना बोहरा, गोमती साय, सुशांत शुक्ला और राजेश मूणत ने हिस्सा लिया।

### पिछले साल से 77 हजार अधिक धान बेचा

मंत्री श्री बघेल ने बताया कि इस साल किसानों ने पिछले वर्ष की तुलना में 77 हजार 151 अधिक धान बेचा है। वहीं 4 लाख 32 हजार टन से अधिक धान की खरीदी की गई है। पिछले साल की तुलना में 28 लाख 76 हजार रकबा का धान किसानों द्वारा बेचा गया है।

### पौने पांच लाख नए राशनकार्ड जारी



उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025 के दौरान 4 लाख 73 हजार नए राशनकार्ड जारी किए गए हैं तथा 6 लाख 13 हजार नए सदस्यों के नाम राशनकार्डों में जोड़े गए। उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में संचालित 13 हजार 907 उचित मूल्य की दुकानों में ई-पॉस मशीनें स्थापित की जा चुकी हैं। प्रतिमाह औसतन 96 प्रतिशत हितग्राहियों को आधार प्रमाणीकरण के जरिए राशन सामग्री वितरित किए जा रहे हैं। साथ ही वन नेशन वन राशनकार्ड व्यवस्था के तहत राशनकार्डधारियों को मनपसंद दुकान चुनने की भी सुविधा प्रदान की गई है। माह जनवरी 2025 में 9 लाख 20 हजार राशनकार्डधारी परिवारों द्वारा अपनी मूल दुकान के बजाय अपनी मनपसंद एवं सुविधा अनुसार अन्य दुकानों से राशन सामग्री का उठाव किया गया।

### कुपोषण से निपटने बस्तर-सरगुजा में चना वितरण

मंत्री ने बताया कि सुदूर आदिवासी क्षेत्रों में कुपोषण की समस्या से निपटने के लिए बस्तर और सरगुजा के आदिवासी विकासखण्डों के गरीब परिवारों को रियायती दर पर 2 किलो चना प्रदान किया जा रहा था। इसका दायरा बढ़ाकर माढ़ा क्षेत्रों को शामिल किया गया। वर्तमान में 25 लाख से अधिक परिवारों को प्रति माह 5800 मीट्रिक टन चना वितरित किया जा रहा है। इसके लिए बजट में 400 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। साथ ही अमृत मिशन योजना के तहत अंत्योदय, निराश्रित तथा बीपीएल राशनकार्डधारियों को प्रतिमाह आयोडिनयुक्त नमक प्रदान किया जा रहा है। इसके लिए बजट में 100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

## राजधानी के नारायणा अस्पताल, राजनांदगांव के संजीवनी नर्सिंग होम में आईटी का सर्वे

- आईटी की टीम टैक्स चोरी की आशंका में सर्वे करने पहुंची
- रायपुर में दो दर्जन से ज्यादा अफसर, कर्मी जांच करने पहुंचे

रायपुर। टैक्स चोरी की आशंका पर आयकर विभाग की टीम देवेंद्र नगर स्थित नारायणा अस्पताल तथा राजनांदगांव स्थित संजीवनी नर्सिंग होम में सोमवार दोपहर 1 बजे सर्वे करने के लिए पहुंची। दोनों अस्पताल प्रबंधन द्वारा बोगस बिलिंग कर टैक्स चोरी करने की शिकायत मिलने पर आईटी की टीम जांच करने पहुंची।

नारायणा अस्पताल तथा संजीवनी नर्सिंग होम में आईटी की 35 सदस्यीय टीम जांच करने पहुंची। बताया जा रहा है कि तलाशी में रायपुर के अस्पताल संचालक द्वारा कचना में ऑलीशान रिसॉर्ट बनाने और बोगस बिलिंग करने संबंधी दस्तावेज मिले हैं। इसी तरह राजनांदगांव के अस्पताल संचालक द्वारा टैक्स चोरी करने और प्रॉपर्टी में निवेश किए जाने के दस्तावेज मिले हैं। दोनों ही अस्पताल संचालकों द्वारा पिछले काफी समय टैक्स चोरी की जा रही थी। इसे देखते हुए दोनों की आईटीआर की छानबीन करने के बाद कार्रवाई की गई।

## आरएसएस का 21 से महामंथन, राज्यों के भाजपा संगठन पर भी होगा मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की बेंगलुरु में राष्ट्रीय स्तर की प्रतिनिधि सभा 21 से 23 मार्च तक होने वाली है। इस सभा में कई बड़े फैसले होंगे। जहां भाजपा के राष्ट्रीय संगठन के लिए सह संगठन महामंत्रियों पर मंथन होगा, वहीं भाजपा के राज्यों के संघों में संगठन महामंत्रियों के साथ ही क्षेत्रीय संगठन महामंत्रियों को लेकर भी चर्चा होगी।



कई राज्यों में आरएसएस से जुड़े संगठन महामंत्रियों को बदलने परभी चर्चा होगी। सभा में शामिल होने के लिए आरएसएस के प्रदेश के पदाधिकारी भी जाएंगे। इस सभा में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष भी शामिल होंगे। सभा में आरएसएस के शताब्दी वर्ष में होने वाले कार्यक्रमों को लेकर भी योजना तैयार होगी। आरएसएस से भाजपा के राष्ट्रीय संगठन के साथ ही राज्यों के संगठनों में भी आरएसएस से जुड़े स्वयंसेवकों को पदाधिकारी बनाया जाता है। इस समय राष्ट्रीय संगठन में राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश हैं। एक और राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री रहे सौदान सिंह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बन गए हैं। संभावना जताई जा रही है कि आरएसएस की राष्ट्रीय सभा में भाजपा के राष्ट्रीय संगठन के लिए सह संगठन महामंत्री भी तय किए जा सकते हैं।

## हाईकोर्ट ने अगली सुनवाई तक सायबर क्राइम एक्सपर्ट नियुक्त करने केन्द्र को दिया आदेश

हरिभूमि न्यूज, बिलासपुर

राज्य में साइबर क्राइम की संख्या को देखते हुए हाईकोर्ट ने एक बार फिर यहां विशेषज्ञ की तुरंत नियुक्ति करने का कहा है। इसके साथ ही मामले की अगली सुनवाई 20 मार्च को निर्धारित कर इसी दिन नियुक्ति की जानकारी प्रस्तुत करने का निर्देश केन्द्र शासन को दिया है।

हाईकोर्ट में प्रदेश में इलेक्ट्रानिक साक्ष्य का कोई विशेषज्ञ नहीं होने को लेकर जनहित याचिका लगाई गई है। इस मामले में गत माह चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल की बेंच में सुनवाई के दौरान कोर्ट ने इस मामले में कहा था कि गंभीर चिंता का विषय है, जहां साइबर अपराध हो रहे हैं, ऐसे व्यक्ति की नियुक्ति बिलकुल जरूरी है। केन्द्र सरकार को



तत्काल नियुक्ति के लिए उचित कदम उठाने के निर्देश दिए गए। वहीं केन्द्र सरकार का पक्ष रखने वाले अधिवक्ता रमाकांत मिश्रा को इस मामले में चार सप्ताह में शपथ पत्र पेश कर जवाब मांगा था। याचिकाकर्ता शिरीन मालेवर ने अधिवक्ता रूद्रप्रताप दुबे और गौतम खेत्रपाल के माध्यम से याचिका दाखिल की है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता कोर्ट में बताया कि देशभर में 16 जगह पर एक्सपर्ट की नियुक्ति की गई है जो कि केन्द्र सरकार द्वारा की जाती है। फिलहाल छत्तीसगढ़ प्रदेश में किसी एक्सपर्ट की नियुक्ति नहीं है। जिसपर महाधिवक्ता प्रफुल्ल एन भारत ने भी कोर्ट को जानकारी दी। बेंच ने सुनवाई करते हुए कहा कि आईटी अधिनियम राज्य के लिए धारा 79 के तहत इलेक्ट्रानिक साक्ष्य का कोई परीक्षक नहीं है। जिसपर कोर्ट ने प्रतिवादियों को यह नियुक्ति नियुक्त करने का निर्देश दिया था। वहीं संघ की परिशद की ओर से अधिवक्ता को चार सप्ताह में हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया गया था।

आज सोमवार को चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच में केन्द्र के अधिवक्ता ने बताया कि अभी इस मामले में नियुक्ति नहीं की जा सकी है। इसके लिए कोर्ट के आदेश की जानकारी प्रेषित की गई है। कोर्ट ने कहा कि सायबर एक्सपर्ट की नियुक्ति हर हाल में की जाए। अगली सुनवाई तक यह जानकारी आनी चाहिए कि किस सायबर एक्सपर्ट की नियुक्ति की गई है। इस मामले की अगली सुनवाई 20 मार्च को तय की गई है।

मामला कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विवि का

# पहली बार कुलपति चयन का विज्ञापन ही निरस्त, नहीं बताया कारण, मापदंड बदलाव की तैयारी!

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

## 21 फरवरी को जारी किया गया था कुलपति पद के लिए विज्ञापन

प्रदेश के विश्वविद्यालय एक ओर कुलपति के लिए तरस रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर कुलपति चयन के लिए जारी किया गया विज्ञापन ही निरस्त कर दिया गया है। मामला कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विवि का है। राजभवन द्वारा यहां कुलपति चयन के लिए 21 फरवरी को विज्ञापन जारी करते हुए आवेदन मांगे गए थे। इसके महज 4 दिनों बाद राजभवन ने इसे निरस्त भी कर दिया। दिनांक 25 फरवरी को जारी हुए पत्र के अनुसार, राजभवन ने पत्रकारिता विवि में कुलपति चयन के लिए जारी विज्ञापन को अपरिहार्य कारणों से निरस्त करने की बात कही है।

विज्ञापन क्यों निरस्त किए गए हैं, दोबारा विज्ञापन कब जारी किए जाएंगे तथा जो इन चार दिनों के दौरान आवेदन कर चुके हैं उन्हें दोबारा आवेदन करने की आवश्यकता होगी अथवा नहीं, इसे लेकर कुछ भी स्पष्ट नहीं है। जानकारों के मुताबिक, प्रदेश में संभवतः यह पहला मामला है जब कुलपति चयन के लिए निकाला गया विज्ञापन ही निरस्त कर दिया गया है।

### चार विवि कर रहे कुलपति का इंतजार

प्रदेश में 15 शासकीय विवि हैं। इनमें से 4 विश्वविद्यालय में कुलपति का पद रिक्त है। इनमें स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि, इंदिरा गांधी कला एवं संगीत विवि, हेमचंद यादव विवि दुर्ग और पत्रकारिता विवि शामिल है। शेष विश्वविद्यालयों के लिए विज्ञापन व आवेदन संबंधित प्रक्रियाएं प्रारंभ हो चुकी हैं। दुर्ग विवि के कुलपति की घोषणा भी शीघ्र होने की संभावना है, जबकि मौजूदा हालातों में पत्रकारिता विवि को कम से कम 6 माह का इंतजार कुलपति के लिए करना होगा।



### कांग्रेस ने बदले थे मापदंड

21 फरवरी को जारी विज्ञापन में उन मापदंडों को यथावत रखा गया था, जो कांग्रेस शासनकाल में लागू थे। दरअसल, पत्रकारिता विवि में कुलपति पद के लिए मापदंडों में पिछली सरकार में बदलाव किया गया था। प्राध्यापक के रूप में निर्धारित समयावधि की बाध्यता समाप्त करते हुए मीडिया सेक्टर में न्यूनतम 20 वर्ष अनुभव अनिवार्य किया गया था। बदलाव को लेकर उस उक्त भी बहस हुई थी। अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, जल्दबाजी में पुराने मापदंड के आधार पर ही विज्ञापन जारी कर दिया गया था। बाद में जब इस पर ध्यान गया तो निरस्त कर दिया गया। कुलपति के लिए निर्धारित मापदंड में पुनः परिवर्तन किए जाने की चर्चाएं हैं।

बिलासपुर
मंगलवार 11 मार्च 2025
फाल्गुन शुक्ल पक्ष द्वादशी
वर्ष : 24, अंक : 347
पृष्ठ : 12+6+8 = 26 मूल्य : 5.00***

मौसम
अधि. 35.0
न्यून. 21.0

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



7 वनडे विश्व कप में काफी समय,

विचार पेज
2 प्रदूषित नदियों पर सियासत नहीं....

# परमाणु ऊर्जा से भी बनेगी बिजली, छत्तीसगढ़ में नई क्रांति, 3 लाख करोड़ का निवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ पहले से ही बिजली के मामले में सरप्लस है। इसी के साथ प्रदेश में निजी क्षेत्र के उत्पादन में छत्तीसगढ़ देश में नंबर वन है। छत्तीसगढ़ अब ऊर्जा क्रांति की ओर तेजी से बढ़ रहा है। सोमवार को रायपुर में हुए 'छत्तीसगढ़ एनर्जी इंवेस्टर्स समिट' में कई बड़ी कंपनियों ने 3 लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश का ऐलान किया है। इस निवेश से राज्य में परमाणु, थर्मल, सौर और पंप स्टोरेज जैसे क्षेत्रों में बिजली उत्पादन के नए प्रोजेक्ट शुरू होंगे। इससे न केवल उद्योगों को फायदा मिलेगा, बल्कि आम लोगों को भी सस्ती और निरंतर बिजली मिल सकेगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का कहना है, छत्तीसगढ़ में ऊर्जा के क्षेत्र में ▶▶|शेष पेज 4 पर

खास खबर

## छत्तीसगढ़ एनर्जी इंवेस्टर्स समिट में अदाणी, जिंदल और एनटीपीसी समेत कई कंपनियों ने किया निवेश का ऐलान

### अदाणी ग्रुप करेगा 66 हजार करोड़ का निवेश

परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में एनटीपीसी ने 80 हजार करोड़ रुपए की लागत से 4200 मेगावाट क्षमता का न्यूक्लियर पॉवर प्रोजेक्ट लगाने की ▶▶|शेष पेज 4 पर



### सौर ऊर्जा से बनेगी 675 मेगावाट बिजली

किसानों के लिए भी खुशखबरी है। पीएम कुसुम योजना के तहत 4100 करोड़ रुपए की लागत से 675 मेगावाट सौर बिजली का उत्पादन किया जाएगा और 20 हजार सोलर पंप लगाए जाएंगे। इससे किसानों को सिंचाई के लिए सस्ती बिजली मिलेगी और डीजल पंपों की जरूरत कम होगी। इसके अलावा, 57046 करोड़ रुपए की लागत से 8700 मेगावाट क्षमता के पंप ▶▶|शेष पेज 4 पर

### प्रमुख निवेश और योजनाएं

- राज्य की ताप विद्युत क्षमता को मजबूत करने के लिए 1,07,840 करोड़।
- सौर ऊर्जा परियोजनाओं के विस्तार के लिए 10,000 करोड़।
- सौर ऊर्जा विस्तार के लिए 3,200 करोड़।
- पीएम सूर्य योजना : राष्ट्रीय सौर छत परियोजना के तहत 6,000 करोड़।
- सरकारी इमारतों में सौर ऊर्जा अपनाने के लिए 2,500 करोड़।
- ऊर्जा भंडारण क्षमता बढ़ाने के लिए 2,600 करोड़।
- बिजली पारेषण नेटवर्क को उन्नत करने के लिए 17,000 करोड़।
- आरडीएसएस वितरण बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए 10,800 करोड़।

## खबर संक्षेप

### दिव्यांग बच्चों को पढ़ाने नियुक्त करें शिक्षक



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को दिव्यांग बच्चों को पढ़ाने के लिए शिक्षकों के स्वीकृत पदों की संख्या 28 मार्च तक अधिसूचित करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि 2021 के उसके (शीर्ष अदालत के) फैसले के बावजूद किसी भी राज्य या केंद्र शासित प्रदेश ने ऐसे स्वीकृत पदों पर नियुक्तियां नहीं कीं।

### अफसर का सहयोगी रिश्वत लेते गिरफ्तार



**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एसीबी ने जीएसटी विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी के एक सहयोगी को कथित तौर पर उसकी तरफ से 15 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। एसीबी की टीम ने रविवार को मुंबई के अंधेरी इलाके के एक होटल में जाल बिछाया और आरोपी को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया।

### ट्रक की टक्कर से कार सवार 5 की मौत



**बस्ती।** बस्ती नगर में सोमवार को राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर ट्रक की टक्कर लगने से कार सवार पांच लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना सुबह करीब सात बजे शहर थाना क्षेत्र के गोटवा टाटा एजेंसी के पास हुई। बस्ती से अयोध्या की ओर जा रहा एक ट्रक अचानक लेन बदलने से विपरीत दिशा से आ रही एक कार से टकरा गया।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत



**अमेठी।** यूपी में अमेठी जिले के जायस क्षेत्र में ट्रैक्टर की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। रविवार रात जायस थाना क्षेत्र के मोअज्जमगंज के पास एक मोटरसाइकिल और ट्रैक्टर में टक्कर हो गई। इस घटना में मोटरसाइकिल सवार संदीप कुमार (22) की मौत हो गई।

### प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े 12 उग्रवादी गिरफ्तार



**इंफाल।** मणिपुर में सुरक्षा बलों ने पिछले दो दिनों के भीतर विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े कम से कम 12 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। इंफाल पश्चिम के लांगोल टाइप-2 क्षेत्र से शनिवार को प्रतिबंधित 'यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी ऑफ कांगलीपाक' के तीन कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया। इसके साथ साथ भारत-म्यांमा सीमा पर तेंग्नौपाल जिले में कांगलेई याओल कन्ना लूप के एक सदस्य को भी गिरफ्तार किया गया।

## फिल्मी स्टाइल में लूट, दिनदहाड़े बड़ी वारदात

# तनिष्क में डाका, सशस्त्र बदमाशों ने की आधे घंटे लूटपाट, ले उड़े 25 करोड़ के आभूषण

एजेंसी ▶▶| पटना

*बिहार के आरा में अपराधियों ने दिनदहाड़े बड़ी वारदात को अंजाम दिया। शहर के गोपाली चौक स्थित तनिष्क ज्वेलरी शोरूम से करीब 25 करोड़ रुपए के गहने लूटकर अपराधी फरार हो गए। 8-10 की संख्या में आए बदमाशों ने 30 मिनट तक तांडव मचाया और शोरूम में मौजूद कर्मचारियों को बंधक बनाकर लूटपाट की।*

बिहार में भोजपुर जिले के आरा शहर में सोमवार को दिल दहला देने वाली लूट की वारदात सामने आई है। लुटेरे एक-एक स्टॉल से ज्वेलरी समेटते रहे, लेकिन महज 600 मीटर दूर मौजूद नगर थाना पुलिस घटनास्थल तक नहीं पहुंच सकी। यह घटना न सिर्फ भोजपुर पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करती है, बल्कि शहर में सुरक्षा व्यवस्था की पोल भी खोल देती है।

- आठ से नौ की संख्या में आए हथियारबंद बदमाश

जानकारी के मुताबिक, घटना नगर थाना क्षेत्र के गोपाली चौक स्थित तनिष्क शोरूम की है। चश्मदीदों के अनुसार, सुबह करीब 10:30 बजे दो-दो की संख्या में अपराधी शोरूम के भीतर प्रवेश करते गए। जैसे ही सभी अंदर इकट्ठा हो गए, उन्होंने अपने चेहरे पर मास्क पहन हथियार निकाल लिए और पूरे स्टाफ को कब्जे में ले लिया। इसके बाद स्टॉल-दर-स्टॉल कीमती ज्वेलरी को बड़े बैगों में भरना शुरू कर दिया।

### अपराधियों ने मोबाइल छीनकर बनाया बंधक

इस अवसर पर सिंह ने कहा, ''टाटा समूह के हाथों में आने के सिर्फ तीन साल में हमने कम लागत वाली एयरलाइन का एकीकरण और विलय किया और एक आधुनिक और ईंधन-कुशल बेड़े के साथ तेजी से विस्तार किया है।'' एयर इंडिया एक्सप्रेस और एआईएक्स कनेक्ट (पूर्व में एयरएशिया इंडिया) को पिछले साल एकीकृत किया गया था।

# भारत को 10 लाख एआई पेशेवरों की कमी होने का अनुमान : रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कृत्रिम मेधा (एआई) को लेकर विशिष्ट कौशल की बढ़ती जरूरतों के बीच भारत को आने वाले समय में पेशेवरों की भारी संकट का सामना करना पड़ सकता है। एक अध्ययन में वर्ष 2027 तक देश में एआई क्षेत्र में 10 लाख से अधिक कुशल पेशेवरों की कमी होने का अनुमान जताया गया है।

बैन एंड कंपनी की इस अध्ययन रिपोर्ट में एआई विशेषज्ञता की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए भारत के अपने कर्मचारियों को नए सिरे से प्रशिक्षित करने और उन्हें बेहतर कौशल प्रदान करने की तत्काल जरूरत पर प्रकाश डाला गया है। भारत में बैन एंड कंपनी के साझेदार (एआई, इनसाइट्स और सॉल्यूशन प्रैक्टिस) सैकत बनर्जी ने कहा, ''भारत के पास खुद को वैश्विक एआई प्रतिभा केंद्र के रूप में स्थापित करने का एक अनूठा अवसर है। हालांकि, 2027 तक एआई में नौकरियों के अवसर प्रतिभा की उपलब्धता के मुकाबले 1.5-2 गुना होने की उम्मीद है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत का एआई क्षेत्र 2027 तक 23 लाख नौकरियों के अवसरों से आगे निकल सकता है।



- एआई को लेकर विशिष्ट कौशल की बढ़ती जरूरत के बीच संकट गहराएगा
- वर्ष 2027 तक देश में एआई के क्षेत्र में 10 लाख कुशल पेशेवर कम पड़ेगे

### कमी दूर करने बहुआयामी दृष्टिकोण की जरूरत

बनर्जी ने कहा कि एआई पेशेवरों की कमी को दूर करने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण की जरूरत है जिसमें कंपनियों को पारंपरिक भर्ती तौर-तरीकों से हटकर देखने और आंतरिक प्रतिभा को विकसित करने के लिए निरंतर कौशल-विकास पहल को प्राथमिकता देना शामिल है।

# शेयर बाजार ने शुरुआती लाभ गंवाया

एजेंसी ▶▶| मुंबई

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सोमवार को दोनों मानक सूचकांक...बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी...में गिरावट रही। कारोबार के अंतिम घंटे में औद्योगिक तथा तेल एवं गैस शेयरों में बिकवाली से बाजार नीचे आया और बीएसई सेंसेक्स 217 अंक टूट गया।

तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 217.41 अंक यानी 0.29 प्रतिशत की गिरावट के साथ 74,115.17 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में से 22 नुकसान में जबकि आठ लाभ में रहे। सूचकांक बढ़त के साथ खुला और कारोबार के दौरान 74,741.25 अंक तक चढ़ गया था। हालांकि, 92.20 अंक यानी 0.41 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,460.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के तीस शेयरों में से इंडसइंड बैंक, जोमैटो, लार्सन एंड टुब्रो, टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, कोटक महिंद्रा बैंक, टेक महिंद्रा और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज प्रमुख रूप से नुकसान में रहे।

दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में पावर ग्रिड, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इन्फोसिस, नेस्ले इंडिया, एशियन पेंट्स, आईटीसी, सन फार्मास्युटिकल्स और आईसीआईसीआई बैंक शामिल हैं।



- सेंसेक्स 217 अंक टूटा, निफ्टी भी नुकसान में
- अंतिम घंटे में औद्योगिक तथा तेल-गैस के शेयरों में आई बिकवाली

### *बाजार पूंजीकरण घटकर 4,510 अरब डॉलर रहा :*

*बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 4,43,269.25 करोड़ रुपये घटकर 3,93,85,818.73 करोड़ रुपये (4,510 अरब डॉलर) रहा। एशिया के अन्य प्रमुख बाजारों में मिला-जुला रुख रहा।*

# नाकाजिमा होंडा कार्स इंडिया के नए सीईओ बनाए गए




**नई दिल्ली।** जापानी वाहन विनिर्माता होंडा ने सोमवार को कहा कि उसने ताकाशी नाकाजिमा को होंडा कार्स इंडिया का नया अध्यक्ष और सीईओ नियुक्त किया है। होंडा मोटर कंपनी लिमिटेड के प्रबंधन में बदलाव के तहत नाकाजिमा एक अप्रैल, 2025 से कार्यभार संभालेंगे। कंपनी ने एक एक बयान में कहा कि नाकाजिमा, ताकुया त्सुमुरा की जगह लेंगे, जो भारत में अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद होंडा मुख्यालय में जापान चले गए हैं। नाकाजिमा 2021 से होंडा मोटर रूस के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं।

# नई रियल एस्टेट परियोजनाओं की लागत चार फीसदी तक बढ़ी

- रियल एस्टेट सलाहकार सीबीआरई ने जारी की रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



कच्चे माल की ऊंची कीमतों की वजह से पिछले कैलेंडर साल के दौरान नई रियल एस्टेट परियोजनाओं की निर्माण लागत में सालाना आधार पर दो से चर प्रतिशत की वृद्धि हुई है। रियल एस्टेट सलाहकार सीबीआरई की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

सीबीआरई ने सोमवार को 'इंडिया कंस्ट्रक्शन कॉस्ट ट्रेंड्स 2024-25: नेविगेटिंग कॉस्ट्स इन ए ट्रांसफॉर्मिंग लैंडस्केप' शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 की तुलना में 2024 में नई रियल एस्टेट परियोजनाओं की निर्माण लागत में 2-4 प्रतिशत की मामूली वृद्धि हुई है। वर्ष 2024 में सीमेंट, इस्पात और एल्युमीनियम की लागत में वार्षिक आधार पर क्रमशः 6-8 प्रतिशत, 3-5 प्रतिशत और 0-2 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि पेंट की लागत स्थिर रही। हालांकि, इस दौरान लकड़ी और पत्थर की कीमतों में क्रमशः 3-6 प्रतिशत और 0-2 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो चुनिंदा मांग दबाव को दर्शाता है।

## भारत का आयातित जल उपचार रसायन पर एंटी डंपिंग शुल्क



नई दिल्ली। भारत ने घरेलू उद्योग को सस्ते आयात से बचाने के लिए चीन और जापान से आने वाले जल उपचार रसायन पर पांच साल के लिए 986 अमेरिकी डॉलर प्रति टन तक का एंटी डंपिंग शुल्क लगाया है। वित्त मंत्रालय ने एक अधिसूचना में यह जानकारी दी। यह फैसला वाणिज्य मंत्रालय की जांच शाखा व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) की 'ट्राइक्लोरो आइसोसायन्यूरिक एसिड' पर शुल्क लगाने की सिफारिश के बाद लिया गया। निदेशालय ने अपनी सिफारिशों में कहा कि चीन और जापान से भारत में डंप किए गए आयातों के कारण घरेलू उद्योग को नुकसान हुआ है।

## कल्याणकारी योजनाओं के लिए धन की जरूरत: गडकरी

# उद्योग बार-बार कर कम करने की सरकार से मांग न करे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को उद्योग जगत से कहा कि वे करों में कटौती की बार-बार मांग न करें, क्योंकि सरकार को गरीबों के लिए कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने के लिए धन की जरूरत है।

- भारत में लॉजिस्टिक लागत दो साल के भीतर 9% तक कम हो जाएगी

यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गडकरी ने कहा कि भारत में लॉजिस्टिक लागत दो साल के भीतर नौ प्रतिशत तक कम हो जाएगी। अपने बेबाक विचारों के लिए मशहूर गडकरी ने कहा, ''माल एवं सेवा कर (जीएसटी) और करों में कटौती की मांग न करें। यह एक सतत प्रक्रिया है जो चल रही है। यदि हम कर कम करते हैं, तो आप और अधिक मांगेंगे, क्योंकि यह मानव स्वभाव है।''

### उत्पादन की लागत कम करने की जरूरत

मंत्री ने कहा कि चीन में लॉजिस्टिक लागत आठ प्रतिशत है और अमेरिका तथा यूरोपीय देशों में यह 12 प्रतिशत है। गडकरी ने यह भी कहा कि भारतीय उद्योग जगत को गुणवत्ता से समझौता किए बिना उत्पादन की लागत कम करने की जरूरत है। मंत्री ने कहा कि पूंजी निवेश बढ़ाकर भारत अधिक रोजगार सृजित करने जा रहा है।



### भारत में लॉजिस्टिक लागत 16फीसदी तक

गडकरी के अनुसार, वर्तमान में भारत की लॉजिस्टिक लागत 14 से 16 प्रतिशत है। उन्होंने कहा, ''मैं आपको भरोसा दिलाता हूं कि दो साल के भीतर...हमारी लॉजिस्टिक लागत नौ प्रतिशत हो जाएगी। इससे हम अंतरराष्ट्रीय बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी होंगे।''

### हम कराधान कम करना चाह रहे

केंद्रीय मंत्री ने कहा, '...हम कराधान कम करना चाहते हैं, लेकिन कराधान के बिना सरकार कल्याणकारी योजनाओं को आगे नहीं बढ़ा सकती।' मंत्री ने कहा कि सरकार का दृष्टिकोण अमीर लोगों से कर लेना और गरीबों को लाभ देना है। ''इसलिए सरकार की भी अपनी सीमाएं हैं।''

### रोजगार सृजनकर्ता बने

गडकरी ने कहा, 'आप केवल धन सृजनकर्ता ही नहीं हैं, बल्कि रोजगार सृजनकर्ता भी हैं...हमें इस स्वर्णिम युग का लाभ उठाने की जरूरत है।' इसके अलावा गडकरी ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए आयात कम करने और निर्यात बढ़ाने की जरूरत पर जोर दिया।

# मंत्रालय ने इरडा चेयरमैन पद के लिए आवेदन निकाला




**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने बीमा नियामक इरडा के चेयरमैन पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। मौजूदा चेयरमैन देवाशीष पांडा का कार्यकाल 13 मार्च को खत्म हो रहा है। इस पद के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख छह अप्रैल, 2025 है। पांडा ने वित्त मंत्रालय के तहत वित्तीय सेवा विभाग में सचिव के रूप में काम किया था और उन्होंने 14 मार्च, 2022 को तीन साल के लिए इरडा चेयरमैन के रूप में कार्यभार संभाला।इरडा की विज्ञापन अधिसूचना के अनुसार आवेदकों के पास कम से कम 30 वर्ष का प्रासंगिक कार्य अनुभव होना चाहिए।

# वनडे विश्व कप में काफी समय, भारत को बदलाव के दौर में रोहित की जरूरत

## प्रेस कॉन्फ्रेंस में रोहित ने कहा, 'भविष्य की कोई योजना नहीं, संन्यास नहीं लेने जा रहा'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चैंपियन्स ट्रॉफी के फाइनल के बाद रविवार को रोहित शर्मा की लंबी प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दो बार ऐसा हुआ जब उनके संन्यास का मुद्दा उठा। दुबई में चैंपियन्स ट्रॉफी में विजयी अभियान के बाद जब पहली बार इस विषय पर उनसे बात की गई तो भारतीय कप्तान रोहित ने खुलकर जवाब दिया, 'भविष्य की कोई योजना नहीं है, जैसे चल रहा है, चलता रहेगा।' उन्होंने अगली बार स्वैच्छिक रूप से इसका जिक्र किया। भारतीय कप्तान ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के खत्म होने से ठीक पहले कहा, 'एक और बात। मैं इस प्रारूप से संन्यास नहीं लेने जा रहा, बस यह सुनिश्चित करने के लिए बोला कि आगे कोई अफवाह नहीं फैले।' रोहित का बयान बहुत ही महत्वपूर्ण था क्योंकि जोर 'इस प्रारूप' पर था जो कि 50 ओवर का क्रिकेट है।

रोहित ने पिछले साल वेस्टइंडीज और अमेरिका में टी20 विश्व कप जीतने के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस प्रारूप को अलविदा कह दिया था और टेस्ट क्रिकेट में उनके भविष्य को लेकर सवाल बने हुए हैं क्योंकि भारतीय टीम इस साल गर्मियों में इंग्लैंड का दौरा करेगी। भारतीय कप्तान ने महत्वाकांक्षाओं को जोरदार और स्पष्ट रूप से व्यक्त किया और 2027 विश्व कप को लेकर उनके कुछ अधूरे सपने हैं जिसकी मेजबानी दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया करेंगे।



### रन बनते तक संन्यास नहीं

'वनडे प्रारूप' पर जोर देकर रोहित ने अपने इरादे स्पष्ट कर दिए हैं। जब तक वह रन बना रहे हैं, उम्र कोई बाधा नहीं बनेगी। हालांकि अगले एकदिवसीय विश्व कप तक वह 40 के करीब होंगे। वनडे अब भी उनका पसंदीदा प्रारूप है लेकिन रोहित ने कभी ऐसा नहीं कहा कि वह टेस्ट मैच नहीं खेलना चाहते। असल में ऑस्ट्रेलिया दौरे और उससे पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला को छोड़कर वह टीम के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट बल्लेबाज रहे हैं। जसप्रीत बुमराह ने टेस्ट कप्तान के रूप में अपनी काबिलियत दिखाई है लेकिन रोहित अब भी भारतीय ड्रेसिंग रूम में सबसे सम्मानित नेतृत्वकर्ता हैं।

### बुमराह फिट नहीं, गिल परिपक्व नहीं

बुमराह की फिटनेस संबंधी चिंताओं और चयनकर्ताओं के शुभमन गिल को कुछ और समय के लिए उप कप्तान की भूमिका में रखने की प्राथमिकता के कारण रोहित टीम की अगुआई जारी रखने के लिए आदर्श उम्मीदवार बने हुए हैं क्योंकि टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है। रोहित के लंबे समय से साथी विराट कोहली ने चैंपियन्स ट्रॉफी के फाइनल के बाद कहा कि टीम के मुख्य खिलाड़ी अगले आठ साल तक खेलने के लिए तैयार हैं लेकिन यह उनका कर्तव्य है कि जब भी वह अलविदा कहें तो भारतीय क्रिकेट को अच्छे हाथों में सौंपें।

## पाकिस्तान मेजबान, पुरस्कार वितरण समारोह में नहीं बुलाने पर परेशान

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड दुबई में टूर्नामेंट के समापन समारोह के दौरान अपने सीईओ और चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट के निदेशक सुमैर अहमद सैयद को नजरअंदाज करने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के सामने अपना विरोध दर्ज करेगा। पीसीबी के एक सूत्र ने सोमवार को कहा कि आईसीसी ने इस संबंध में जो स्पष्टीकरण दिया है उससे बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी संतुष्ट नहीं हैं। सूत्र ने कहा, 'आईसीसी ने स्पष्ट किया है कि उसने मोहसिन नकवी के मंच पर आने की तैयारी कर ली थी, इसलिए जब वह फाइनल में नहीं आए तो उसने अपनी योजना बदल दी।' पीसीबी ने इस स्पष्टीकरण को खारिज कर दिया है और कहा है कि आईसीसी ने टूर्नामेंट के दौरान मेजबान देश के रूप में पाकिस्तान की स्थिति के संबंध में कई गलतियां की थीं।



### लोगो में नाम नहीं, भारत का बजा राष्ट्रगान

भारत और बांग्लादेश के बीच खेले गए मैच के सीधे प्रसारण में चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का लोगो बदलना और लाहौर में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच खेले गए मैच में भारतीय राष्ट्रगान बजाना शामिल था। आईसीसी ने दावा किया कि प्लेलिस्ट में गड़बड़ी के कारण त्रुटि को ठीक करने से पहले कुछ सेकंड के लिए भारतीय राष्ट्रगान बज गया था।

### क्या पाकिस्तान मेजबान था?



पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने भी एक्स पर एक वीडियो डालकर कहा, 'भारत ने चैम्पियंस ट्रॉफी जीती लेकिन पीसीबी का कोई प्रतिनिधि फाइनल के बाद नहीं था। पाकिस्तान मेजबान था। मेरी यह समझ में नहीं आया कि पीसीबी से कोई वहां क्यों नहीं था।'

## खबर संक्षेप



### हॉकी इंडिया ने की 12 करोड़ रुपए इनामी राशि की घोषणा

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने अपने सातवें वार्षिक पुरस्कारों के लिए 12 करोड़ रुपए की रिकॉर्ड पुरस्कार राशि की घोषणा की जिसके लिए आठ श्रेणियों में 32 खिलाड़ियों को नामित किया गया है। वार्षिक पुरस्कार कार्यक्रम शनिवार को यहां आयोजित किया जाएगा जिसमें 2024 सत्र में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। पुरस्कार समारोह के प्रमुख आकर्षणों में से एक प्रतिष्ठित बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार है जो वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए दिया जाएगा। यह सर्वश्रेष्ठ पुरुष और सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी को दिया जाएगा। युवा खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया जाएगा। जुगराज सिंह पुरस्कार वर्ष के उभरते हुए सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी जबकि असुंता लाकड़ा पुरस्कार वर्ष की उभरती हुई महिला खिलाड़ी को दिया जाएगा। इसके अलावा विभिन्न भूमिकाओं में व्यक्तिगत उत्कृष्टता के लिए भी पुरस्कार दिए जाएंगे।

### रोहित ने मैच हमारी पहुंच से दूर किया



**दुबई।** न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनर ने स्वीकार किया कि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की असाधारण पारी ने चैंपियन्स ट्रॉफी के फाइनल में दोनों टीमों के बीच अंतर पैदा किया। रोहित ने 83 गेंद में 76 रन की शानदार पारी खेली जिससे भारत ने रविवार को यहां 252 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए करीबी जीत दर्ज की। सेंटनर ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'मुझे लगता है कि रोहित शर्मा ने जिस तरह से खेला उससे मैच हमारी पहुंच से दूर हो गया। भारत ने दुबई की परिस्थितियों को अच्छी तरह समझा और अच्छा क्रिकेट खेला। मुझे लगता है कि यह कड़वा-मीठा अंत रहा।'

## सुकांत, नितेश ने स्पेनिश पैरा बैडमिंटन में जीते स्वर्ण पदक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पेरिस पैरालंपिक चैंपियन कुमार नितेश और सुकांत कदम ने भारत को स्पेन के विटोरिया में स्पेनिश पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल 2025 (दो) में क्रमशः एसएल3 और एसएल4 वर्गों में स्वर्ण पदक दिलाए।

नितेश ने एसएल3 वर्ग के फाइनल में जापान के डेसुके फुजिहारा पर 21-19, 21-19 से जीत दर्ज की जबकि सुकांत ने रविवार को एसएल4 वर्ग में हमवतन भारतीय तरुण को 21-13, 21-10 से हराया। एसएच6 वर्ग में नित्याश्रे ने



पोलैंड के स्जमिगेल को फाइनल में हराकर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। पुरुष युगल में नितेश कुमार और तरुण ने भारत के जगदीश दिल्ली और नवीन शिवकुमार को 21-14, 23-25, 22-20 से हराया। मिश्रित युगल स्पर्धाओं में भी भारत ने अच्छा प्रदर्शन किया। कृष्णा नागर और नित्याश्रे ने इंग्लैंड के शेफर्ड और चूंग को 21-14, 21-11 से हराकर एसएच6 श्रेणी में स्वर्ण पदक जीता। नितेश कुमार ने मनीषा रामदास के साथ मिलकर एसएल3-एसयू5 श्रेणी में भारत के खाते में एक और स्वर्ण पदक डाला। उन्होंने स्वीडन के रिकड निल्सन और डेनमार्क की हेलो सोफी सागोय को 21-9, 21-15 से हराया। अल्फिया जेम्स ने महिला एकल फाइनल में स्विट्जरलैंड की इलारिया ओल्गियाती को कड़ी टक्कर दी लेकिन उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

## पांड्या का अनोखा सेलिब्रेशन, ट्रॉफी जीतना बड़ी बात नहीं

**दुबई।** चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीतकर भारतीय टीम ने इतिहास रच दिया है। इस जीत के बाद पूरी टीम ने जमकर जश्न मनाया। हालांकि इसमें हार्दिक पांड्या का सेलिब्रेशन सबसे अलग रहा। हार्दिक ने खाबी लेम के आइकॉनिक पोज की नकल उतारी। लेम एक मशहूर सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर हैं। इटली के रहने वाले खाबी लेम के टिकटॉक पर 100 मिलियन फॉलोवर हैं। खाबी टिकटॉक पर प्रॉब्लम सॉल्विंग वीडियो बनाते हैं। इसके बाद वह ऐसा चेहरा बनाते हैं जैसे कि उनके लिए यह प्रॉब्लम सॉल्व करना कोई बड़ी बात थी ही नहीं। हार्दिक पांड्या भी खाबी लेम की ही नकल उतारते हुए यह दिखाते हैं मानो उनके लिए यह ट्रॉफी जीतना कोई बड़ी बात नहीं थी।



## राष्ट्रमंडल खेल महासंघ ने नाम बदलकर किया राष्ट्रमंडल खेल

**लंदन।** राष्ट्रमंडल खेल महासंघ ने सोमवार को अपना नाम बदलकर राष्ट्रमंडल खेल कर लिया और कहा कि यह संचालन संस्था से एक 'आंदोलन' बनने का बदलाव है। नाम बदलने के फैसले की घोषणा 10 मार्च को राष्ट्रमंडल दिवस के मौके पर की गई। राष्ट्रमंडल खेल और राष्ट्रमंडल युवा खेलों की संचालन संस्था ने कहा, 'राष्ट्रमंडल दिवस 2025 से राष्ट्रमंडल खेल महासंघ को राष्ट्रमंडल खेल के नाम से जाना जाएगा। राष्ट्रमंडल खेल महासंघ अपना सार्वजनिक ब्रांड नाम बदलकर राष्ट्रमंडल खेल कर रहा है। यह ब्रांड विकास संगठन के 'खेल महासंघ' से 'खेल आंदोलन' में परिवर्तन को दर्शाता है।' राष्ट्रमंडल खेल की सीईओ कैटी सेडलियर ने कहा, 'ब्रांड नाम राष्ट्रमंडल खेल एक मजबूत, अधिक एकीकृत उद्देश्य को दर्शाता है जो हमारे दर्शकों के साथ गहरे स्तर पर जुड़ता है।' 'राष्ट्रमंडल खेल महासंघ' को केवल कानूनी इकाई के नाम के रूप में रखा जाएगा। इस बीच राष्ट्रमंडल खेल के संरक्षक किंग चार्ल्स सोमवार को राष्ट्रमंडल दिवस पर बकिंघम पैलेस में ग्लास्गो 2026 राष्ट्रमंडल खेलों के लिए राष्ट्रमंडल खेल किंग्स बेटन रिले का आधिकारिक रूप से शुभारंभ करेंगे।

## मोटेरा के जख्मों पर दुबई में मरहम लगाकर राहुल ने बदली अपनी और टीम की तकदीर





एजेंसी ▶▶| दुबई

आस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में विजयी छक्का जड़ने वाले केएल राहुल ही थे और न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में संकटमोचक की भूमिका निभाकर भारत को चैम्पियंस ट्रॉफी जिताने में उनका योगदान अनदेखा नहीं किया जा सकता।

यह वही केएल राहुल हैं जिन्होंने 19 नवंबर 2023 को आस्ट्रेलिया के हाथों वनडे विश्व कप फाइनल में भारत की हार के बाद सबसे ज्यादा लानत मलामत झेली थी। जब लगातार दस जीत के साथ फाइनल में पहुंची भारतीय टीम अहमदाबाद में आखिरी मुकाबले में आस्ट्रेलिया के खिलाफ 240 रन पर आउट हो गई और 107 गेंद में 66 रन बनाने पर राहुल आलोचकों का कोपभाजन बने। टी20 विश्व कप के लिए भारत की टीम में भी उन्हें जगह नहीं मिली। मोटेरा के उस फाइनल के सत्रह महीने बाद जब दुबई में चैम्पियंस ट्रॉफी फाइनल में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराकर भारत ने तीसरी बार खिताब जीता तो अंत तक डटे रहे राहुल को जिस तरह कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और हार्दिक पंड्या ने गले से लगाया, उसने साबित कर दिया कि इस जीत में उनकी क्या अहमियत है।

### ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप

## चोट-फॉर्म से जूझ रहे शटलरों के सामने होगी कठिन चुनौती



एजेंसी ▶▶| बर्मिंघम

चोटों, स्वास्थ्य संबंधित परेशानियों और खराब फॉर्म से जूझ रहे भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों को मंगलवार से यहां शुरू हो रही ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में कठिन चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।

प्रकाश पादुकोण की 1980 में ऐतिहासिक जीत और 2001 में पुलेला गोपीचंद की जीत के बाद से कोई भी भारतीय प्रतिष्ठित ऑल इंग्लैंड खिताब जीतने में कामयाब नहीं हुआ है। ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप के बाद बैडमिंटन का सबसे प्रतिष्ठित ताज है। पिछले दो दशकों में भारतीय बैडमिंटन ने नई ऊंचाइयों को छुआ है जिसमें पीवी सिंधु, साइना नेहवाल और किदांबी श्रीकांत जैसे सितारों ने प्रमुख खिताब जीते हैं। हालांकि, विश्व मंच पर अपनी कई सफलताओं के बावजूद कोई भी ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप जीतने में सफल नहीं हो पाया है। साइना और लक्ष्य सेन 2015 और 2022 में उपविजेता रहे जबकि त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी लगातार चरण में सेमीफाइनल में पहुंची।

### चुनौतियों से जूझ रहे भारतीय खिलाड़ी

हर साल, भारतीय दल इस ऐतिहासिक खिताब पर अपनी नजरें गड़ाए रहता है और हर बार उन्हें असफलता मिली है। इस साल चुनौती और भी बड़ी होगी क्योंकि भारत के शीर्ष खिलाड़ी चोट की चिंताओं और अनिरंतर फॉर्म सहित कई कठिनाइयों के साथ बर्मिंघम पहुंचेंगे। पेरिस ओलंपिक में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद भारतीय खिलाड़ियों को 2025 में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए संघर्ष करना पड़ा। सिंधू को चोटों की समस्या का सामना करना पड़ा, एचएस प्रणय चिकनगुनिया से धीरे-धीरे उबरे, लक्ष्य सेन खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी अपने पिता की मृत्यु से उबर रहे हैं जिनका पिछले महीने निधन हो गया था। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू को हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण पिछले महीने एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप से हटना पड़ा था।

## कैपिटल्स की कप्तानी के लिए अक्षर-राहुल के बीच मुकाबला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑलराउंडर अक्षर पटेल और सीनियर विकेटकीपर-बल्लेबाज केएल राहुल आगामी इंडियन प्रीमियर लीग सत्र में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी के लिए दो दावेदार हैं जिसमें गुजरात के खिलाड़ी का पलड़ा थोड़ा भारी है।

ऐसा माना जा रहा है कि चैंपियंस ट्रॉफी के खत्म होने का इंतजार करने के बाद फ्रेंचाइजी के अधिकारी अगले कुछ दिनों में अपने नए कप्तान के नाम की घोषणा करेंगे। दिल्ली कैपिटल्स अपने पहले दो मैच के लिए विशाखापत्तनम जाने से पहले दिल्ली में एक छोटा ट्रेनिंग कम अभ्यास शिविर लगाएगी। अक्षर, राहुल, कुलदीप यादव, दक्षिण अफ्रीका के ट्रिस्टन स्टब्स, ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी जेक फ्रेजर मैकगर्क और मिशेल स्टार्क 17 और 18 मार्च को विशाखापत्तनम में इकट्ठा होंगे। राहुल हो सकता है कि एक या दो मैच में नहीं खेलें क्योंकि उनकी



पत्नी अथिया शेट्टी गर्भवती हैं और यह उनके पहले बच्चे के जन्म की संभावित तारीख पर निर्भर करेगा। कैपिटल्स के साथ अपने सातवें सत्र में 31 वर्षीय अक्षर राहुल की तुलना में टीम का नेतृत्व करने के लिए अधिक संभावित उम्मीदवार दिखते हैं।

### आकर्षण का केंद्र होंगी 3 बार की पैरालंपिक चैंपियन वेनेसा

**नई दिल्ली।** तीन बार की पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता और गत विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की लंबी कूद की खिलाड़ी वेनेसा लोव मंगलवार से यहां शुरू हो रही विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में आकर्षण का केंद्र होंगी। चौंतीस साल की वेनेसा ने 2016 रियो खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के बाद 2021 टोक्यो और 2024 पेरिस पैरालंपिक की लंबी कूद टी63 स्पर्धा में भी शीर्ष स्थान हासिल किया।

### शुभंकर 37वें, अहलावत संयुक्त 42वें स्थान पर रहे

**जोहानिसबर्ग।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा और वीर अहलावत जोबर्ग ओपन में क्रमशः संयुक्त 37वें और संयुक्त 42वें स्थान पर रहे। पहले दो राउंड में 66 और 65 का कार्ड खेलने वाले शुभंकर अंतिम दो राउंड में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। उन्होंने इन दो राउंड में 74 और 72 का स्कोर बनाया जिससे वह नीचे खिसक गए। दूसरे राउंड में 63 का शानदार स्कोर बनाकर कट में जगह बनाने वाले अहलावत ने अंतिम दो राउंड में 72 और 70 का कार्ड खेला। स्कॉटलैंड के कैलम हिल ने तीन खिलाड़ियों के बीच खेले गए प्लेऑफ में दक्षिण अफ्रीका के जैक्स क्रूस्विज्क (66) और शॉन नॉरिस (70) को हराकर खिताब जीता।



### डब्लूपीएल समिति में रोहन देसाई शामिल

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड के नवनियुक्त संयुक्त सचिव रोहन देसाई को महिला प्रीमियर लीग की समिति में शामिल किया गया है। पंजाब क्रिकेट संघ के अध्यक्ष दिलशेर खन्ना को भी आठ सदस्यीय समिति में शामिल किया गया है। प्रभतेज भाटिया के बीसीसीआई कोषाध्यक्ष बनने के बाद यह स्थान रिक्त हुआ था। भाटिया कोषाध्यक्ष चुने जाने के कारण इस समिति का हिस्सा बने हुए हैं। डब्ल्यूपीएल समिति इस प्रकार हैः रोजर बिन्नी - अध्यक्ष, देवजीत सैकिया (संयोजक) अरुण सिंह धूमल - आईपीएल अध्यक्ष, राजीव शुक्ला - बीसीसीआई उपाध्यक्ष, प्रभतेज भाटिया - बीसीसीआई मानद कोषाध्यक्ष, रोहन गौंस देसाई - बीसीसीआई मानद संयुक्त सचिव, मधुमती लेले, दिलशेर खन्ना।

### शराब और तंबाकू के एड पर लगाएं रोक

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य मंत्रालय ने आईपीएल को 22 मार्च से शुरू होने वाले टूर्नामेंट के दौरान 'सरोगेट' विज्ञापनों सहित सभी प्रकार के तंबाकू और शराब के प्रचार पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया है। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक अतुल गोयल ने आईपीएल अध्यक्ष अरुण धूमल को लिखे पत्र में कहा कि क्रिकेट खिलाड़ी भारत के युवाओं के लिए आदर्श हैं। उन्हें प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी भी प्रकार के तंबाकू या शराब के विज्ञापन से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। गोयल ने लिखा, ''आईपीएल को सरोगेट विज्ञापनों सहित तंबाकू और शराब से जुड़े सभी प्रकार के विज्ञापनों पर प्रतिबंध लगाने वाले नियमों को सख्ती से लागू करना चाहिए।'

**OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR (CIVIL) AU&PC, CSPGCL**
**Shed No. 02, Dangania, Raipur-492013 Phone No. 0771-2576320 & 0771-2576324, website www.cspc.co.in E-mail:- cecivil.aupc@gmail.com**

No. 03-15/W/1890 Raipur, date: 07.03.2025

**E-TENDER NOTICE**

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from eligible bidders fulfilling the eligibility criteria as mentioned below and having experience in Govt./Public Sector Undertaking/Local bodies/Power Generating Companies in India only for the following work :-

| Sl. No. | Tender Specification No. | Description | NIT value i/c GST (Rs.) | EMD (Rs.) | Completion period (incl. Rainy season) | Rfx No. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | EDC/AU&PC/HTPS-KW/W/2024/90 | Construction of RCC pit to develop Ash Water Recovery System (AWRS) at Jhabu ash dyke HTPS, CSPGCL, Korba West. | 207.68 Lacs | 2,07,700/- | 04 Months | 8100041969 |

**Cost of tender form is Rs. 1180/- (Rs.1000/- + 18% GST). The due date & time for submission of bids, Tender Cost & EMD is 02.04.2025 (up to 15:00 Hrs) and bid opening date (Techno commercial bids) is 04.04.2025 (up to 16:00) Hrs respectively. The tender document can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in: 50724/irj /portal.**
**Note:- (i) In case, the rate quoted by the bidder is on abnormally lower side, a performance guarantee @5% of contract value i/c GST in addition to Security Deposit shall have to be deposited by the bidders. (ii) Maintenance period for the work shall be 12 months.**

**SAVE ELECTRICITY**

**Executive Director (Civil) AU&PC, CSPGCL, Raipur**



## खबर संक्षेप

### ट्रक पलटने से छह मजदूरों की मौत, 11 घायल

**संभाजीनगर।** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर जिले में सोमवार को तड़के गन्ने से भरा एक तेज रफ्तार ट्रक पलटने से छह मजदूरों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। यह घटना पिशोर घाट इलाके में उस समय हुई जब गन्ने से लदा ट्रक कन्नड़ से पिशोर जा रहा था। ट्रक पर 17 मजदूर सवार थे और पिशोर घाट पर चालक ने ट्रक पर से नियंत्रण खो दिया जिसके बाद यह वाहन पलट गया। कन्नड़ शहर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया, गन्ने से भरा ट्रक कन्नड़-पिशोर घाट क्षेत्र से गुजर रहा था और मजदूर उस पर सवार थे। यह ट्रक घाट क्षेत्र में पलट गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से बचाव अभियान चलाया।

### पटाखा दुकान में आग, बच्चों समेत 5 की मौत

**गढ़वा।** झारखंड के गढ़वा में पटाखे की एक दुकान में आग लगने से उसकी चपेट में आकर तीन बच्चों समेत कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई। यह घटना रंका थाना क्षेत्र के गोदरमाना बाजार में हुई। यहां पटाखे की एक दुकान में आग लगने से तीन बच्चों सहित पांच लोगों की मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि पुलिस की एक टीम घटनास्थल पर पहुंच गई है। इस बीच, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस घटना में लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया।

### 1.95 लाख करोड़ की जीएसटी चोरी पकड़ी

**नई दिल्ली।** सरकार ने लोकसभा में बताया कि जीएसटी अधिकारियों ने चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जनवरी अवधि में 25,397 मामलों में 1.95 लाख करोड़ रुपए की कर चोरी का पता लगाया। सरकार द्वारा लोकसभा में साझा किये गए आंकड़ों के अनुसार, पिछले पांच वर्षों में केंद्र के अधिकारियों द्वारा पकड़ी गई जीएसटी चोरी के मामलों की कुल संख्या 86,711 है और कुल 6.79 लाख करोड़ रुपये से अधिक की जीएसटी चोरी का पता लगाया गया। चालू वित्त वर्ष (जनवरी 2025 तक) में कर चोरी के कुल 25,397 मामले सामने आए, जिनमें कुल 1,94,938 करोड़ रुपये की कर चोरी किये जाने का पता चला।

# हाथ में हथकड़ी और पुलिस का पहरा, शिक्षक का नियुक्ति पत्र लेने पहुंचा कैदी

एजेंसी ▶▶| पटना

बिहार के गया से एक हैरान करने वाली तस्वीर सामने आई है। यहां बोधगया स्थित संस्कृति केंद्र में बीपीएससी में चयनित शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित किया जा रहा था।

इसी दौरान पटना से एक कैदी हाथों में हथकड़ी पहने और सुरक्षा घेरे के बीच वहां पहुंचा। उसे देखकर लोग हैरान रह गए। सब एक दूसरे से पूछने लगे कि इस व्यक्ति का यहां क्या काम? हालांकि थोड़ी देर बाद स्थिति साफ हो गई।

पता चला कि 18 महीने पहले बिपिन नामक के इस कैदी को पॉक्सो एक्ट में बेउर जेल भेजा गया था। बताया जा रहा है कि पहले बिपिन राजधानी के दानापुर स्थित सगुना मोड के पास स्थित एक कोचिंग सेंटर में पढ़ाते थे। इस दौरान उन्होंने एक छात्रा की पिटाई कर दी थी। इस घटना के बाद छात्रा ने इनके ऊपर पॉक्सो एक्ट के तहत केस कर दिया। इसके चलते पुलिस ने उन्हें अरेस्ट कर जेल भेज दिया था. उसी समय से वह जेल में बंद थे।

#### जेल में रहकर की पढ़ाई

हालांकि जेल में भी उन्होंने अपनी पढ़ाई जारी रखी और जेल में रहते हुए बीपीएससी क्लीयर कर लिया। उन्होंने बताया कि जेल में रहने के दौरान उन्हें पूरा मौका मिला और रोज आठ से 10 घंटे पढ़ाई की। उधर, शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पिछले दिनों राज्य में आयोजित बीपीएससी की परीक्षा में जेल में रहते हुए बिपिन ने हिस्सा लिया था और इस परीक्षा को अच्छे अंकों से पास किया है।



#### हथकड़ी लगाकर पहुंचे नियुक्ति पत्र लेने

रिजल्ट आने के बाद शिक्षा विभाग की ओर से बोध गया संस्कृति केंद्र में बीपीएससी शिक्षक नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें बिपिन को भी उपस्थित होने की सूचना दी गई। इसके बाद पटना से बेउर जेल से विपिन कुमार सुरक्षा व्यवस्था के बीच अपना नियुक्ति पत्र लेने पहुंचे। उनकी सुरक्षा के लिए ही बिहार पुलिस ने उनके हाथों में हड़कड़ी लगा रखी थी। वहीं उनके चारों ओर पुलिस का घेरा था।

## विवाद : नाराजगी के बाद सीएम ने दिए कार्रवाई के निर्देश

# रमजान पर कश्मीर में फैशन शो से बवाल, आयोजकों ने मांगी माफी

एजेंसी ▶▶| जम्मू

जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में रमजान महीने में हुए फैशन शो पर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। फैशन शो पर कट्टरपंथी नेताओं और सीएम उमर अब्दुल्ला की नाराजगी के बाद प्रसिद्ध डिजाइनर जोड़ी शिवन भाटिया और नरेश कुकरेजा को आलोचना का सामना करना पड़ा है। इस बढ़ते विवाद के बीच, डिजाइनरों ने सार्वजनिक रूप से माफी मांगी है। इस मामले में सीएम उमर अब्दुल्ला कार्रवाई के निर्देश दे चुके हैं। दिल्ली स्थित डिज़ाइनर जोड़ी ने 7 मार्च को गुलमर्ग में अपने स्कीवियर कलेक्शन का प्रदर्शन किया, जो उनके ब्रांड की 15वीं वर्षगांठ का हिस्सा था।



हालांकि, यह आयोजन धार्मिक और राजनीतिक नेताओं की आलोचना के केंद्र में आ गया। कश्मीर के नेता मीरवाइज उमर फारूक ने इस आयोजन को अस्वीकार्य बताते हुए कहा, रमज़ान के पवित्र महीने में गुलमर्ग में एक अश्लील फैशन शो आयोजित किया गया, जिसके वीडियो और तस्वीरें वायरल हो रही हैं। यह कश्मीर की सूफी-संत संस्कृति और धार्मिक आस्था का अपमान है। इसमें शामिल लोगों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।



#### सवालों के घेरे में पर्यटन विभाग

सामाजिक कार्यकर्ता राजा मुजफ्फर भट ने भी इस आयोजन पर आपत्ति जताई और पर्यटन विभाग से स्पष्टीकरण मांगा। उन्होंने पूछा, गुलमर्ग में रमज़ान के दौरान इस फैशन शो की अनुमति किसने दी? पर्यटन विभाग और गुलमर्ग विकास प्राधिकरण को जवाब देना चाहिए कि वे हमारी नैतिक, सांस्कृतिक और धार्मिक मान्यताओं को क्यों नुकसान पहुंचा रहे हैं?

#### सीएम अब्दुल्ला ने दिए निर्देश

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भी इस पर सख्त नाराजगी जताई और जांच के आदेश दिए। उन्होंने कहा, "इस फैशन शो की तस्वीरें स्थानीय भावनाओं की पूरी तरह अवहेलना दिखाती हैं, वह भी रमज़ान के दौरान। मैंने स्थानीय प्रशासन से इस मामले पर 24 घंटे के भीतर रिपोर्ट मांगी है, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



#### डिजाइनर्स की सफाई और माफी

विवाद बढ़ने के बाद शिवम और नरेश ने सोशल मीडिया पर माफी जारी की। उन्होंने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर लिखा, गुलमर्ग में हमारे हालिया आयोजन से हुई किसी भी आहत भावना के लिए हमें गहरा खेद है।

हमारा एकमात्र उद्देश्य रचनात्मकता और स्की-अपेरेस-स्की जीवनशैली का जश्न मनाना था, न कि किसी भी धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाना। हम सभी संस्कृतियों और परंपराओं का सम्मान करते हैं और अपने समुदाय की प्रतिक्रिया की सराहना करते हैं। हम भविष्य में अधिक सतर्क और सम्माननजनक बने रहने के लिए प्रतिबद्ध हैं।



# 30 की जगह चढ़ गए 100 कांग्रेसी, भरभराकर गिरा मंच

एजेंसी ▶▶| भोपाल

मध्यप्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन सोमवार को भोपाल में कांग्रेस की ओर से आयोजित एक विरोध-प्रदर्शन कार्यक्रम में मंच गिरने से एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। विपक्षी पार्टी के नेताओं ने यह जानकारी दी। कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह ने बताया कि यह घटना उस समय हुई, जब नेता मध्यप्रदेश में भाजपा सरकार की विफलताओं और किसान विरोधी नीतियों को उजागर करने के लिए विधानसभा परिसर तक मार्च निकालने से पहले रंगमहल चौराहे के पास प्रदर्शनकारियों को संबोधित कर रहे थे। कांग्रेस की मध्यप्रदेश इकाई के प्रवक्ता और पार्टी के मीडिया विभाग के सह-समन्वयक अभिनव बरोलिया ने बताया कि घायलों में पांच महिलाएं शामिल हैं और तीन से चार घायलों को गंभीर चोटें आई हैं। बरोलिया ने कहा, घटना में मध्यप्रदेश किसान कांग्रेस के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के राजनीतिक सलाहकार राजीव सिंह, वरिष्ठ नेता मानक अग्रवाल, प्रदेश इकाई की महासचिव रोशनी यादव और मध्यप्रदेश कांग्रेस महिला सेवा दल की प्रमुख राजकुमारी रघुवंशी घायल हुई हैं।

- भाजपा सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान हादसा

#### हादसे के बाद भी जारी रखा प्रदर्शन

हादसे के बावजूद किसान कांग्रेस ने अपना प्रदर्शन जारी रखा। कार्यकर्ता और नेता रोशनपुरा चौराहे पर एकत्रित रहे और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते रहे. भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। प्रदर्शन में शामिल दिग्गज कांग्रेसी नेताओं ने इसे सरकार की नाकामी करार देते हुए अपनी मांगों को और मुखर किया।

#### किसानों को नहीं मिल रहा उचित मूल्य

घायल पार्टी पदाधिकारियों से मिलने अस्पताल पहुंचे मध्य प्रदेश कांग्रेस प्रमुख जीतू पटवारी ने कहा कि मोहन यादव सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन तब तक जारी रहेगा, जब तक किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल जाता। विपक्ष के नेता उमंग सिंघार ने कहा कि किसानों को राहत मिलने तक /"सड़क से सदन/" तक विरोध-प्रदर्शन जारी रहेगा।

## करोड़ों का री-एजेंट घोटाला

# मोक्षित कॉर्पोरेशन के एमडी को नहीं मिली राहत

**रायपुर।** करोड़ों के री-एजेंट घोटाले में गिरफ्तार मोक्षित कॉर्पोरेशन के एमडी शशांक चोपड़ा को राहत नहीं मिल पाई है। सोमवार को उसकी रिमांड की अवधि 24 मार्च तक बढ़ा दी गई है। स्वास्थ्य विभाग और सीजीएमएससी के अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर हजार गुना से ज्यादा दाम पर री-एजेंट बेचने के आरोप शशांक चोपड़ा पर हैं।

- न्यायिक रिमांड की अवधि 24 मार्च तक बढ़ाई गई

मामले की सुनवाई ईओडब्ल्यू की स्पेशल कोर्ट में हुई और उसकी न्यायिक रिमांड की अवधि 24 मार्च तक बढ़ा दी गई। शशांक चोपड़ा 10 फरवरी को पूछताछ के बाद न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया था। इसके बाद हुई पेशी में उसके रिमांड की अवधि बढ़ाई जा रही है। मोक्षित कॉर्पोरेशन की एमडी पर आरोप है कि उसने विभागीय अधिकारियों से मिलीभगत कर करोड़ों के उपकरण और री-एजेंट हजार गुना से अधिक दाम पर स्वास्थ्य विभाग को बेचे थे। इस मामले में ईओडब्ल्यू टीम कई लोगों से पूछताछ कर चुकी है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा विधानसभा में 15 अधिकारियों से पूछताछ की अनुमति देने की जानकारी दी जा चुकी है।

#### शराब घोटाला, आवेदन पर 20 को सुनवाई

दो हजार करोड़ से अधिक के शराब घोटाला मामले में डिस्टलरी संचालकों को आरोपी बनाने अनवर ढेबर के आवेदन पर सुनवाई के लिए 20 मई की तारीख तय की गई है। वहीं मामले की नियमित सुनवाई 28 अप्रैल को होगी। तब तक मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

# डीजे को लेकर भिड़े कुलसचिव और छात्र, होली के बीच पहुंची पुलिस, बवाल

**रायपुर।** पं.रविशंकर शुक्ल विवि में सोमवार दोपहर जमकर हंगामा हुआ। एबीवीपी द्वारा आयोजित होली मिलन के मध्य में डीजे बंद किए जाने के कारण विद्यार्थी होली खेलना छोड़कर धरने पर बैठ गए। जब डीजे पुनः चालू कराया गया, तब विद्यार्थी धरना छोड़कर पुनः रंग खेलने लगे। इन सबके बीच एनएसयूआई ने शैक्षणिक संस्थान में डीजे प्रयोग पर आपत्ति दर्ज कराई है। सोमवार को विवि गार्डन में एबीवीपी द्वारा होली मिलन समारोह 'रंग तरंग' का आयोजन किया गया। इस दौरान तेज आवाज में डीजे भी चलाया गया। रविवि के प्रभारी कुलसचिव शैलेन्द्र पटेल ने साउंड सिस्टम बंद कराने के लिए लिखित में थाना प्रभारी को पत्र दिया। इसके बाद रविवि कैंपस में पुलिस आई और डीजे बंद करवाया। डीजे के बंद होते ही छात्र आक्रोशित हो गए। वे प्रशासनिक भवन के सामने धरने में बैठ गए। बहस और छात्रों के विरोध के बाद डीजे चालू करने की अनुमति मिल गई। घंटेभर चले विवाद के बाद मिलन समारोह पुनः शुरू हुआ।

#### पूर्व में की जा चुकी है शिकायत

उधर एनएसयूआई ने इस पर आपत्ति जताते हुए कहा, एबीवीपी का मिलन समारोह प्रशासनिक नियमों की अवहेलना है। हमने 7 मार्च को ही कुलपति को लिखित रूप से सूचना दी थी और विरोध दर्ज कराया था। विवि परिसर में किसी भी राजनीतिक संगठन द्वारा इस प्रकार के आयोजन प्रतिबंधित है।

# विंटर से बंद रायपुर-जगदलपुर फ्लाइट समर शेड्यूल में भी वापस नहीं लौटेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विंटर शेड्यूल में स्थगित हुई रायपुर-जगदलपुर की इंडिगो की सीधी विमान सेवा की वापसी होने की संभावना नहीं दिख रही है। दोनों सेक्टर के बीच यात्रियों की संख्या बेहद कम होने की वजह से इस फ्लाइट का संचालन स्थगित किया गया था। इसके पूर्व एक अन्य विमानन कंपनी ने इसे घाटे का सौदा मानते हुए संचालन से अपना हाथ खींच लिया था।

क्षेत्रीय उड़ान योजना के तहत राज्य के भीतर विमानों के उड़ान भरने के लिए यात्रियों की उपलब्धता सबसे बड़ी चुनौती है। दो शहरों को आपस में जोड़ने के लिए रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से जगदलपुर विमानतल तक पहली बार विमान सेवा का संचालन शुरू किया गया था, मगर दोनों शहरों के बीच स्थायी रूप से हवाई कनेक्टिविटी अब तक नहीं बन पाई है। सबसे पहले एयर ओडिशा ने विमान के संचालन से अपना हाथ खींचा था। इसके बाद अलायंस एयर ने अपनी छोटी फ्लाइट का संचालन शुरू किया और कुछ समय बाद रायपुर से सबसे ज्यादा विमानों का संचालन करने वाली इंडिगो ने सप्ताह में अलग-अलग दिनों में रायपुर-जगदलपुर के बीच विमान की शुरुआत की थी। कुछ समय बाद यात्री नहीं मिलने का हवाला देकर अलायंस एयर ने विमान का संचालन रोक दिया, इसके बाद इंडिगो ने विंटर शेड्यूल से अपनी फ्लाइट को हटा लिया। उस दौरान यह संभावना थी कि गर्मी के पहले यानी मार्च में आने वाले शेड्यूल में इस उड़ान को शामिल किया जाएगा, मगर इसकी उम्मीद कम दिख रही है।

- यात्रियों की कमी के कारण स्थगित हुई थी उड़ान

#### अंबिकापुर-बिलासपुर-रायपुर फ्लाइट भी नियमित नहीं

दिसंबर महीने में तीन शहर अंबिकापुर, बिलासपुर और रायपुर को आपस में जोड़ने के लिए फ्लाइबिग द्वारा एयरक्रॉफ्ट का संचालन शुरू किया गया है। यह फ्लाइट अपने शेड्यूल के हिसाब से नियमित नहीं हो रही है। यात्री मिलने पर इसकी संचालन होता है, नहीं तो इसे स्थगित कर दिया जाता है। ट्रैवल्स कारोबार से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, इसका संचालन व्यवस्थित तरीके से नहीं होने के कारण यात्रियों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस फ्लाइट का टिकट ट्रैवल्स कारोबारियों के बजाय कंपनी के पोर्टल से बुक किया जाता है।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
बनी रहे मुस्कान

कटे होंठ व तालु का नि:शुल्क ईलाज स्माइल ट्रेन के सौजन्य से
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कल्लर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.



*नियम व शर्तें लागू। रचनात्मक दृश्यीकरण। दिखाए गए एक्सेसरीज और विशेषताएं मानक फिटमेंट का हिस्सा नहीं हो सकती हैं। कागज़ पर प्रिंटिंग के कारण कार का रंग भिन्न हो सकता है। चित्र उदाहरण के उद्देश्य से उपयोग किए जाते हैं। मारुति सुज़ुकी को बिना किसी पूर्व सूचना के किसी भी समय ऑफर वापस लेने का अधिकार है। ऑफर स्टॉक समाप्त होने तक वैध है। ऑफर केवल चुनिंदा मॉडल्स और चुनिंदा राज्यों में वैध है। मॉडल और वेरिएंट के आधार पर ऑफर भिन्न हो सकते हैं।

**BILASPUR: PARSADA, TRANSPORT NAGAR:** M SQUARE MOTORS: 7000857522 | **INDUSTRIAL AREA, SIRGITTI:** SATYA AUTO PVT. LTD.: 9425280148 | **KORBA: SHED NO 10, RAJGAMAR ROAD, INDUSTRIAL AREA:** SATYA AUTO PVT. LTD.: 9516014225 | **RAIGARH: NH49, ODISHA ROAD, BANJIPALI, RAIGARH:** SATYA AUTO PVT. LTD.: 9109194894 | **AMBIKAPUR: MAHAMAYA AUTO CARS:** 7583887512, 6261683314.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com